बागेश्वर धाम एवं मेहंदीपुर बालाजी के चरणों में समर्पित

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# संस्कार उजाला

सच का हुंकार

sanskarujala@gmail.com

संस्थापक स्व० सुखराम शर्मा एवम शिवकुमार शर्मा, श्री प्रकाशवीर

गाजियाबाद से प्रकाशित, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हरियाणा, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, हापुड, बुलंदशहर, मथुरा आगरा, इटावा, कानपुर एंव लखनऊ से प्रसारित

वर्ष : 11 अंक : 181 | शुक्रवार 20 अक्टूबर 2023 गाजियाबाद | RNI No-UPHIN / 2013 / 50466 | पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया

गाजियाबाद में मात्र रू0 6.5 लाख (छः लाख पचास हजार) में मकान खरीदने हेतु सम्पर्क करें

मो0 9868944025

लोन सुविधा उपलब्ध है

# रैपिड रेल की सौगात देने गाजियाबाद आएंगे पीएम मोदी, दिनभर बंद रहेंगे कई रास्ते

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 अक्तूबर को रैपिडएक्स का उद्घाटन करेंगे। साथ ही, वसुंधरा में जनसभा को संबोधित भी करेंगे। इस दौरान मोहन नगर और साहिबाबाद में दिनभर भारी वाहनों पर प्रतिबंध रहेगा। कार्यक्रम में वीवीआईपी से लेकर आम लोग तक शिरकत करेंगे। जाम से निपटने के लिए पुलिस ने बुधवार को रूट और डायवर्जन प्लान जारी कर दिया है। एडीसीपी ट्रैफिक रामानंद कुशवाहा ने बताया कि डायवर्जन 20 अक्तूबर की सुबह सात बजे से कार्यक्रम की समाप्ति तक लागू रहेगा। प्रधानमंत्री के विमान को हिंडन एयरपोर्ट पर उतारने की तैयारी है। लेकिन, मौसम खराब होने की स्थिति में प्रधानमंत्री का काफिला दिल्ली से ही सड़क द्वारा यूपी गेट होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेगा। संभावित चार रूटों पर सुरक्षा प्लान तैयार हो गया है। इसके तहत हिंडन एयरफोर्स वाले रूट को महत्वपूर्ण है।

**जनसभा में पहुंचने के लिए रूट प्लान**

1. मोदीनगर, मुरादनगर, हापुड़ और मेरठ से आने वाली बसें राजनगर एक्सटेंशन, एलिवेटेड रोड से कनावनी से उतरेंगी और बुद्धचौक के पास पार्किंग संख्या-7 और क्राउन वसुंधरा चौकी के सामने पार्किंग संख्या-8 में खड़ी होंगीं। इसी रूट से आने वाले हल्के वाहन इंदिरापुरम थाने के सामने पार्किंग संख्या-6 में खड़े होंगे।

2. हापुड़, बुलंदशहर, नोएडा से आने वाली बसें विजयनगर, सीआईएसएफ रोड, इंदिरापुरम, कनावनी पुलिया से पार्किंग संख्या-7 और 8 में खड़ी होंगी। कार और अन्य हल्के वाहन पार्किंग संख्या-6 में खड़े होंगे।

3. नोएडा, वसुंधरा, वैशाली से आने वाली बसें गौर ग्रीन से कनावनी होते हुए बुद्धचौक के पास पार्किंग संख्या-7 और 8 में खड़ी होंगी।

4. गाजियाबाद से आने वाले छोटे वाहन हिंडन पुल से होते हुए मेवाड़ चौक से पहले कृष्णा अपार्टमेंट की बराबर पार्किंग संख्या-10 और एमिटी इंटरनेशनल स्कूल में बनाई गई पार्किंग संख्या-9 में खड़े होंगे।

5. बागपत, लोनी, ट्रॉनिका सिटी, लोनी बॉर्डर, भोपुरा, टीला मोड़, तुलसी निकेतन



से आने वाली बसें करनगेट गोलचक्कर से राजेंद्र नगर मेट्रो स्टेशन से साहिबाबाद रेलवे स्टेशन कट से सौर उर्जा मार्ग पर बनी पार्किंग संख्या-4 और हल्के वाहन टाटा सर्विस सेंटर में बनी पार्किंग संख्या-3 में खड़े होंगे।

6. सीमापुरी से आने वाली बसें राजेंद्र नगर मेट्रो स्टेशन से साहिबाबाद रेलवे स्टेशन कट अंडरपास होते हुए पार्किंग संख्या-4 में तथा कार और हल्के वाहन पार्किंग संख्या-3 में खड़े होंगे।

7. यूपी गेट, कौशांबी, लिंक रोड, नोएडा की तरफ से आने वाली बसें डाबर तिराहा से थाना लिंक रोड रेडलाइट से सौर उर्जा मार्ग पर पार्किंग संख्या-4 में तथा कोर और हल्के वाहन पार्किंग संख्या-3 में खड़े होंगे।

**वाहनों का डायवर्जन प्लान**

- हिंडन एयरफोर्स गोलचक्कर से मोहननगर होते हुए साहिबाबाद रैपिडएक्स स्टेशन और जनसभा की ओर वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।
- थाना लिंक रोड रेडलाइट से साहिबाबाद रैपिडएक्स स्टेशन और जनसभा की ओर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।
- सीआईएसएफ रोड से साहिबाबाद की ओर आने वाले हल्क वाहनों को छोड़कर अन्य प्रतिबंधित रहेंगे। सौर उर्जा मार्ग से वाहन नहीं आ सकेंगे।
- लालकुआं से सीमापुरी के बीच दोनों लेन पर वाहन नहीं चलेंगे।
- लोनी से भोपुरा, हिंडन गोलचक्कर, नागद्वार, से राजनगर एक्सटेंशन की तरफ और एएलटी चौराहे से राजनगर एक्सटेंशन से रोटरी गोलचक्कर, नागद्वार होते हुए भोपुरा से लोनी की तरफ गाड़ियां नहीं जा सकेंगी।
- मेरठ से गाजियाबाद की तरफ आने वाले सभी प्रकार के व्यवसायिक वाहन दुहाई पेरिफेरल से गाजियाबाद की तरफ नहीं जा सकेंगे। सिर्फ जनसभा में जाने वाले वाहनों को छूट रहेगी।

**असुविधा होने पर यहां संपर्क करें**

- यातायात निरीक्षक प्रथम संतोष चौहान का मोबाइल नंबर 7007847097
- यातायात निरीक्षक द्वितीय अजय कुमार का नंबर 9219005151
- यातायात निरीक्षक तृतीय (मोदीनगर-मुरादनगर) जटाशंकर पाठक का नंबर 8929153293
- यातायात निरीक्षक चतुर्थ (यूपी गेट, आनंद विहार) योगेश चंद पंत का मोबाइल नंबर 8218965363
- यातायात निरीक्षक पंचम (मोहननगर, सीमापुरी) मनोज कुमार का नंबर 8130674912
- यातायात निरीक्षक षष्टम (लोनी,लोनी बॉर्डर) संतोष कुमार सिंह का नंबर 7398000808
- यातायात हेल्पलाइन नंबर 9643322904, 0120-2986100

## सुशांत सिंह राजपूत मौत केस में एचसी पहुंचे आदित्य ठाकरे, PIL में की गई है CBI पूछताछ की मांग

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बेटे और शिवसेना विधायक आदित्य ठाकरे ने दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत और उनकी पूर्व मैनेजर दिशा सालियान की मौत के मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की है। इसमें उन्होंने सीबीआई के द्वारा पूछताछ की मांग करने वाली जनहित याचिका पर कोई भी आदेश पारित करने से पहले सुनवाई की मांग की है। वकील राहुल अरोटे के माध्यम से 13 अक्टूबर को दायर अपनी याचिका में आदित्य ठाकरे ने कहा कि जनहित याचिका सुनवाई योग्य नहीं है, क्योंकि मामले की जांच पहले से ही महाराष्ट्र सरकार की मशीनरी द्वारा की जा रही है। इस साल सितंबर में सुप्रीम कोर्ट एंड हाई कोर्ट लिटिगेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष राशिद खान पठान के द्वारा एक जनहित याचिका दायर की गई थी। इसमें सुशांत सिंह राजपूत और दिशा सालियान की रहस्यमय मौत के मामलों में आदित्य ठाकरे की तत्काल गिरफ्तारी और हिरासत में लेकर पूछताछ की मांग की गई थी। आपको बता दें कि हाईकोर्ट द्वारा इस जनहित याचिका को ना तो खारिज किया गया है और ना ही सुनवाई के लिए शामिल किया गया है। अरोटे ने कहा, हमने एक हस्तक्षेप आवेदन दायर किया है जिसमें कहा गया है कि कोई भी आदेश पारित करने से पहले हमें सुना जाना चाहिए। हमने कहा है कि जनहित याचिका सुनवाई योग्य नहीं है क्योंकि सुशांत सिंह राजपूत मामले की जांच पहले से ही सीबीआई द्वारा जारी है। जनहित याचिका में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री ठाकरे की जांच करने और एक व्यापक जांच रिपोर्ट पेश करने का निर्देश देने की मांग की गई है। आपको बता दें कि सुशांत सिंह राजपूत 14 जून, 2020 को बांद्रा में अपने अपार्टमेंट में मृत पाए गए थे। मुंबई पुलिस ने एक्सीडेंटल डेथ रिपोर्ट (एडीआर) मामला दर्ज किया और जांच शुरू की। जुलाई में अभिनेता के पिता ने बिहार पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया था कि सुशांत सिंह राजपूत की प्रेमिका रिया चक्रवर्ती और उसके परिवार के सदस्यों ने उन्हें आत्महत्या के लिए उकसाया था। मामला बाद में सीबीआई को ट्रांसफर कर दिया गया।

### मंगलुरु में तेज रफ्तार कार ने लोगों को कुचला

## एक महिला की मौत, चार घायल; बेकाबू कार फुटपाथ पर चढ़ गई थी

**मंगलुरु।** कर्नाटक के मंगलुरु में एक कार सवार ने फुटपाथ पर चल रहे पांच लोगों को टक्कर मार दी। घटना बुधवार शाम 4 बजे की है। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई और चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि कार कमलेश बलदेव नाम का व्यक्ति चला रहा था। उसके खिलाफ लापरवाही से मौत का मामला दर्ज कर लिया गया है।

**तेज रफ्तार सफेद कार ने 6-7 लोगों को कुचला**

हादसे का वीडियो पास लगे सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गया। वीडियो में देखा जा सकता है कि मन्नागुडा जंक्शन के पास कई लोग फुटपाथ पर चल रहे होते हैं। तभी पीछे से एक सफेद रंग की तेज रफ्तार कार आती है और लोगों को कुचल देती है।

कार पहले तीन-चार महिलाओं को टक्कर मारती है। टक्कर इतनी जोरदार लगती है कि महिलाएं कई फीट हवा में उछल जाती हैं। इसके बाद कार आगे बढ़ते हुए दो और लोगों को कुचल देती है। इसके बाद सड़क



किनारे लगे एक पोल से टकराकर कार की दिशा बदल जाती है। ड्राइवर कार को सड़क पर लाता है जहां फिर से एक व्यक्ति को टक्कर मारकर भाग जाता है।


ड्राइवर एक शोरूम के पास कार छोड़कर भाग गया

मरने वाली महिला की पहचान 23 साल की रूपाश्री के रूप में हुई है। चार घायलों में तीन नाबालिग हैं। पुलिस के मुताबिक, दुर्घटनास्थल से भागने के बाद कमलेश बलदेव ने अपनी कार एक कार शोरूम के सामने खड़ी की और अपने घर चला गया।

## उत्तर प्रदेश और बिहार में पानी की हो सकती है भारी किल्लत

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में घटता जमीन के नीचे का जल स्तर आने वाले दिनों में मुश्किल पैदा कर सकता है। उत्तर प्रदेश और बिहार में ये स्तर 10 साल के औसत से 35 और 25 फीसदी से ज्यादा नीचे आ गया है। दक्षिण भारत में हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। भारतीय रिजर्व बैंक भी इन वजहों से महंगाई के ऊपर दबाव की बात स्वीकर चुका है। पूरे देश की बात की जाए तो जलाशय स्तर, फुल रिजर्वियर लेवल यानि एफआरएल पर 29 सितंबर 2023 को 73 फीसदी पर था, जो इससे एक साल पहले 89 फीसदी पर था। इसका 10 वर्षों का ऐतिहासिक स्तर 79 फीसदी हुआ करता था। जलाशय का ये स्तर सितंबर के आखिरी दो से तीन हफ्तों में हुई तेज बारिश के बाद पहुंचा है।

**अच्छी बारिश की उम्मीद**-वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि अक्तूबर में अगर अच्छी बारिश हुई तो ये स्तर सुधर सकता है और रबी की फसल



की बुआई समय से हो पाएगी। इक्रा रिसर्च की रिपोर्ट के मुताबकि तमिलनाडु, कर्नाटक उत्तर प्रदेश, बिहार और आंध्र प्रदेश में जलाशय के ऐतिहासिक स्तर और मौजूदा स्तर में भारी अंतर देखने को मिला है।

**10 साल में इतना घटा भूजल**

तमिलनाडु 59 प्रतिशत
आंध्र प्रदेश 49 प्रतिशत
केरल 36 प्रतिशत
उत्तर प्रदेश 35 प्रतिशत
बिहार 25 प्रतिशत
पश्चिम बंगाल 19 प्रतिशत

राजस्थान, तेलंगाना, गुजरात, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में ये ऐतिहासिक स्तर से ऊपर है या फिर कम गिरावट है।

**रिजर्व बैंक के गवर्नर जता चुके हैं चिंता**

जलाशयों के गिरते जल स्तर पर रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास भी चिंता जता चुके हैं। उन्होंने मौद्रिक नीति समीक्षा के दौरान महंगाई के परिदृश्य को लेकर कहा था कि कम जलाशय स्तर खरीफ की फसल की बुआई में कमी से दलहन और तिलहन की फसलों को लेकर अनिश्चितता से चिंता बनी हुई है। साथ ही वैश्विक स्तर पर खाने पीने की चीजों के दाम और तेल के दामों से भी इसके ऊंचाई पर रहने की आशंका जताई गई थी।

## नवरात्रि मेले में चलता झूला रुका, 50 लोग थे सवार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के नरेला में एक नवरात्रि मेले के दौरान में चलता हुआ झूला रुक गया। इससे झूले में बैठे हुए लोगों के बीच दहशत का माहौल बन गया। घटना के दौरान झूले पर 50 लोग बैठे हुए थे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा शेयर किया जा रहा है। गनीमत रही की किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ और सभी को सुरक्षित निकाल लिया गया। दिल्ली पुलिस ने इस बात की पुष्टि करते हुए बताया कि सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और आयोजकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**आधे घंटे तक फंसे रहे**

झूले के अचानक से रुक जाने से ऊपर बैठे हुए लोग आधे घंटे तक



घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा शेयर किया जा रहा है। गनीमत रही की किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ और सभी को सुरक्षित निकाल लिया गया।

फंसे रहे। इस दौरान उनकी सांसे अटकी हुई थीं। बताया जा रहा है कि तकनीकी समस्या के कारण झूला रुका था। घटना की सूचना जैसे ही पुलिस को मिली प्रशासन तुरंत एक्शन में आ गया। पुलिस ने तकनीकी स्टाफ और अन्य की मदद से फंसे हुए लोगों को बाहर निकाला।

## पहाड़ों पर बर्फबारी से यूपी से लेकर पंजाब तक गिरा का पारा

### इन इलाकों में बारिश से करवट लेगा मौसम

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत में ठंड ने दस्तक दे दी है। पहाड़ों पर बर्फबारी शुरू हो गई है जिसका असर उत्तर भारत में देखने को मिल रहा है। दिन के तापमान में मामूली बढ़ोतरी के बावजूद सुबह और शाम की ठंड बरकरार है। मौसम विभाग के मुताबिक कई इलाकों में बारिश के बी आसार हैं। केरल, तमिलनाडु, पुदुच्चेरी और पश्चिम बंगाल में गरज और चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। हल्की बारिश भी तापमान गिराने के लिए पर्याप्त है। वहीं जम्मू-कश्मीर, गिरगित-बाल्टिस्तान, बुजफ्फराबाद, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में हल्की से मध्यम बर्फबारी का अनुमान लगाया गया है।




**कैसा रहेगा यूपी का मौसम**

उत्तर प्रदेश में फिलहाल मौस साफ रहने की उम्मीद है। हालांकि सुबह और शाम की ठंड में इजाफा होगा। इस सप्ताह मौसम साफ रहेगा लेकिन सोमवार को एक बार फिर मौसम करवट ले सकता है। बादलों के छाने से ठंड बढ़ सकती है। वहीं अगले सप्ताह से कोहरा भी नजर आ सकता है।

**दिल्ली समेत अन्य राज्यों का हाल**


उत्तर भारत में फिलहाल बारिश का अनुमान नहीं है। हालांकि पहाड़ों की बर्फबारी का पूरा असर देखने को मिलेगा। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हल्की से मध्यम बर्फबारी का अनुमान है। इस वजह से मैदानी इलाकों में शीतलहर बढ़ेगी और तापमान में गिरावट का अनुमान है। पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में बी न्यूनतम तापमान 24 डिग्री तक गिर सकता है।

**कहां होगी बारिश**

मौसम विभाग के मुताबिक केरल, अंडमान निकोबार, तमिलनाडु और पुदुच्चेरी में बारिश का अनुमान है। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में मछुआरों को समंदर में ना उतरने की सलाह दी गई है। सिक्किम, तटीय आंध्र प्रदेश, तटीय कर्नाटक और पश्चिमी हिमालय में हल्की बारिश हो सकती है। इसके अलावा केरल तट और लक्षद्वीप में भी समुद्र में ऊंची लहरें उठ सकती हैं।

## नरेन्द्र मोदी की सरकार ने सुनिशिचत किया है किसानों का कल्याण-गिरिराज सिंह

**बेगूसराय।** केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार किसानों के आय में वृद्धि, उनके सम्मान और कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है. खाद की पर्याप्त उपलब्धता, जैविक खेती के लिए प्रोत्साहन, किसान सम्मान और कृषि फीडर सहित कई अभियान चलाए जा रहे हैं. अपने संसदीय क्षेत्र बेगूसराय के प्रवास पर आए गिरिराज सिंह ने वीरवार को बताया कि 2014 में जब नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने तो दूरदर्शी सोच के साथ अपने विजन से देश का समग्र विकास शुरू किया. किसानों के कल्याण और उत्थान के लिए अपने समग्र दृष्टिकोण से हर प्रयास किया. फसल में लागत की तुलना में अधिक आय के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में निरंतर वृद्धि की जा रही है. यह किसानों के आर्थिक प्रगति का द्वार खोल रहा है. उन्होंने कहा कि कल पीएम नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने विपणन सीजन 2024-25 के लिए रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को स्वीकृति दी. जिससे उत्पादकों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किया जा सके. मंसूर में 425 रुपये प्रति क्विंटल, रेपसीड एवं



सरसों में दो सौ रुपये प्रति क्विंटल, गेहूं में 150 रुपये एवं चना में 115 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है. गिरिराज सिंह ने बताया कि यूपीए की सरकार में 2014 में गेहूं का एमएसपी 14 सौ रुपए क्विंटल था, आज 2275 रुपये हो गया है. जौ का 11 सौ रुपये से बढ़कर 1850 रुपये हो गया एवं चना का 31 सौ रुपये से बढ़कर 5440 रुपये हो गया है. दाल में मसूर का 2950 रुपये से बढ़कर 6425 रुपये हो गया. सरसों एवं रेपसीड का 3050 रुपये से बढ़कर 5650 रुपये हो गया है. इसी प्रकार कुसुम का तीन हजार रुपये से बढ़कर 58 सौ रुपये प्रति क्विंटल हो गया है.

खाद्य सुरक्षा बढ़ाने, किसानों की आय में वृद्धि करने एवं आयात कम करने के लिए तिलहन, दलहन तथा श्रीअन्न की उपज बढ़ाने के लिए फसल विविधीकरण को सरकार बढ़ावा दे रही है. मूल्य नीति के अलावा वित्तीय सहायता प्रदान करने तथा तिलहन और दलहन की खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना एवं राष्ट्रीय तिलहन और ऑयल पाम मिशन जैसी पहल की गई है. गिरिराज सिंह ने कहा है कि पिछले नौ वर्षों में सरकार ने किसानों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए हर प्रकार का प्रयास किया है. प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत 11 करोड़ 39 लाख से अधिक किसानों को प्रत्येक में वर्ष छह हजार रुपये दिए जा रहे हैं. पीएम फसल बीमा योजना के तहत करीब 37 करोड़ 60 लाख किसानों का पंजीकरण किया गया. 11 करोड़ 68 लाख से अधिक किसानों को 1.3 लाख करोड रुपये से अधिक का भुगतान किया गया. कृषि उत्पादन के लिए एक देश एक बाजार बनाया गया. 1260 मंडियां एकीकृत की गई, एक करोड़ 74 लाख किसान पंजीकृत हुए, 2.48 लाख करोड रुपए का व्यापार हो गया. मृदा में पोषक तत्वों के उपयोग में वृद्धि के लिए शुरू की गई योजना से 23 करोड़ से अधिक मृदा स्वास्थ्य कार्ड किसानों को जारी किए गए. विशेष अभियान के तहत सभी प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के लाभार्थियों को केसीसी के माध्यम से कवर किया जाएगा.

# राजस्थान में भी चल रही है बदलाव की बयार



रमेश सर्राफ धमोरा

**इस बार के विधानसभा चुनाव में वसुंधरा राजे को अभी तक कोई बड़ी भूमिका नहीं दी गई है। उनके कट्टर समर्थकों के टिकट भी काटे जा रहे हैं। वसुंधरा राजे गुट के कालीचरण सर्राफ, अशोक परनामी, यूनुस खान, प्रताप सिंह सिंघवी, भवानी सिंह राजावत, देवी सिंह भाटी, रोहिताश शर्मा, कालूलाल गुर्जर, नरपतसिंह राजवी, राजपाल सिंह शेखावत, खेमाराम मेघवाल, अशोक लाहोटी जैसे नेताओं के स्थान पर नए लोगों को टिकट देकर पार्टी वसुंधरा राजे का रहा सहा प्रभाव भी खत्म करने का प्रयास कर रही है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि राजस्थान में इस बार बड़ी संख्या में नये नेता चुन कर आयेगें। जिससे आने वाले समय में प्रदेश की राजनीति में बड़ा बदला बदलाव देखने को मिलेगा।**



राजस्थान में पिछले तीस वर्षों से हर पांच साल बाद सत्ता बदलने का रिवाज चला आ रहा है। अगले महीने होने वाले राजस्थान विधानसभा के चुनाव में जहां भाजपा हर बार राज बदलने के रिवाज को बनाए रखने का प्रयास कर रही है। वही सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी फिर से सरकार बनाकर रिवाज बदलना चाहती है। चुनाव में दोनों ही पार्टियों पूरे दमखम के साथ उतरने जा रही है। तीसरे मोर्चे के रूप में बसपा, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, आम आदमी पार्टी, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन, भारतीय आदिवासी पाटी, वामपंथी पार्टिया जैसे छोटे राजनीतिक दल भी प्रदेश की राजनीति में तीसरी शक्ति बनकर सत्ता की चाबी अपने हाथ में लेना चाहते हैं। राजस्थान में पिछले 30 वर्षों से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कांग्रेस की मुख्य धुरी बने हुए हैं। तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके अशोक गहलोत के इर्द-गिर्द ही कांग्रेस की राजनीति घूमती है। कांग्रेस पार्टी में जैसा गहलोत चाहते हैं वैसा ही होता है। 1998 में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहते अशोक गहलोत जब पहली बार मुख्यमंत्री बने थे। तब राजस्थान में कांग्रेस की राजनीति में कई दिग्गज नेता सक्रिय थे। जिनमें मुख्य परसराम मदेरणा, शीशराम ओला, नवल किशोर शर्मा, कुंवर नटवर सिंह, शिवचरण माथुर, जगन्नाथ पहाड़िया, हीरालाल देवपुरा, बलराम जाखड़, चौधरी नारायण सिंह, रामनारायण चौधरी, कमला बेनीवाल, खेत सिंह राठौड़, प्रद्युम्न सिंह, गुलाब सिंह शक्तावत जैसे दिग्गज नेता मौजूद थे। उस वक्त गहलोत ने इन सभी को मात देकर मुख्यमंत्री का पद हासिल किया था।

बाद में गहलोत ने एक-एक कर सभी बड़े नेताओं को सक्रिय राजनीति से किनारे लगा दिया। आज स्थिति यह है कि कांग्रेस की राजनीति में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के प्रतिद्वंदी बनकर उभरे सचिन पायलट भी साइड लाईन हो चुके हैं। गांधी परिवार के वफादार भंवर जितेंद्र सिंह का व्यक्तित्व इतना बड़ा नहीं है कि उनके नाम पर मुख्यमंत्री पद के लिए आम सहमति बन सके। 2008 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहते सीपी जोशी मुख्यमंत्री पद के सबसे मजबूत दावेदार बने थे। मगर उनकी एक वोट से हुई हार ने उनका राजनीतिक कैरियर ही चौपट कर दिया था। गत वर्ष कांग्रेस आलाकमान ने गहलोत के स्थान पर सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाने का प्रयास किया था। जिसके लिए मल्लिकार्जुन ख?गे व अजय माकन पर्यवेक्षक बन कर जयपुर आए थे। मगर विधायकों द्वारा विधायक दल की बैठक का बहिष्कार कर देने से सचिन पायलट दूसरी बार मुख्यमंत्री बनते बनते रह गए थे।

मुख्यमंत्री गहलोत पिछले पांच साल से लगातार अपनी सभाओं में कहते आ रहे हैं कि वह चौथी बार भी मुख्यमंत्री बनेंगे। मगर लगता है कि अब कांग्रेस में भी बड़ा उलट-पुलट होने वाला है। विधानसभा चुनाव के बाद यदि कांग्रेस पार्टी फिर से सरकार बनती है तो गहलोत के स्थान पर किसी नए नेता को ही कमान मिलने की अधिक संभावना नजर आने लगी है। पिछले पांच वर्षों में जिस तरह से गहलोत ने सरकार चलाई है। उससे कांग्रेस नेता राहुल गांधी संतुष्ट नहीं बताये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा हायर की गई एक निजी प्रचार एजेंसी डिजाइन बॉक्स को लेकर भी पार्टी में बड़ा विवाद हुआ था। डिजाइन बाक्स को गहलोत ने अपनी छवि चमकाने के लिए हायर किया था। इस एजेंसी की कार्यप्रणाली को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की डिजाइन बॉक्स के फाउंडर नरेश अरोड़ा से तकरार हो चुकी है। डिजाइन बॉक्स की नियुक्ति कांग्रेस आलाकमान को पसंद नहीं आ रही है। कांग्रेस आलाकमान कर्नाटक चुनावों में कांग्रेस के रणनीतिकार रहे सुनील कानुगोलू को राजस्थान में कांग्रेस की चुनावी रणनीति बनाने के लिए नियुक्त करना चाहता था। मगर मुख्यमंत्री गहलोत के विरोध के चलते उन्हें मध्य प्रदेश भेजना पड़ा था।

कांग्रेस आलाकमान ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को इस बार कांग्रेस कार्य समिति का सदस्य भी नहीं बनाया है। जबकि उनके प्रतिद्वंदी सचिन पायलट व कैबिनेट मंत्री महेंद्रजीत मालवीय को कार्य समिति में लिया गया है। आदिवासी नेता महेंद्रजीत मालवीय को कार्य समिति में लाकर राहुल गांधी प्रादेशिक नेतृत्व में बदलाव के संकेत दे रहें हैं। गहलोत के स्थान पर राजस्थान में सचिन पायलट, भंवर जितेंद्र सिंह, महेंद्रजीत मालवीय, सीपी जोशी जैसे नेताओं को बड़ी भूमिका मिल सकती है।

राजस्थान में भाजपा भी पूरे बदलाव के दौर से ही गुजर रही है। 2002 से लेकर अब तक पार्टी की एक छत्र नेता रही वसुंधरा राजे के स्थान पर पार्टी में कई नेताओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। भाजपा में नया नेतृत्व लाने के लिए ही पार्टी ने इस बार किसी भी नेता के चेहरे पर चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। भाजपा सामूहिक नेतृत्व व कमल के निशान पर चुनाव मैदान में उतरने जा रही है। अभी प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, कैलाश चौधरी, अर्जुन मेघवाल, सांसद दीया कुमारी, किरोड़ीलाल मीणा, राज्यवर्धन राठौड़ अग्रिम पंक्ति के नेताओं में शुमार हैं। प्रदेश में यदि भाजपा की सरकार बनती है तो इनमें से ही कोई मुख्यमंत्री बन सकता है।

जिस तरह से वसुंधरा राजे समर्थक नेताओं के टिकट काटे जा रहे हैं उससे लगता है कि आने वाला समय वसुंधरा राजे के लिए अच्छा नहीं रहने वाला है। 2013 से 18 के कार्यकाल में वसुंधरा राजे के इर्द-गिर्द ऐसे चापलूस नेताओं की का जमावड़ा हो गया था जो सिर्फ उनकी जी हजूरी में ही लगे रहते थे। उस कार्यकाल में वसुंधरा राजे ने एक मुख्यमंत्री की बजाय महारानी के रूप में शासन चलाया था। जिसके चलते ही 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा 163 सीटों से घटकर 73 सीटों पर सिमट गई थी।

प्रदेश में पार्टी की करारी हार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वसुंधरा राज्य से नाराज हो गए। उसके बाद से ही उन्हें प्रदेश की राजनीति में अलग थलग करना शुरू हो गया। 2019 के लोकसभा चुनाव में भी वसुंधरा को बड़ी भूमिका नहीं दी गई थी। उसके उपरांत भी भाजपा ने प्रदेश की सभी 25 सीटों पर जीत दर्ज की थी। इससे भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं को यह बात समझ में आ गई कि बिना वसुंधरा के भी राजस्थान में भाजपा मजबूती से पैर जमा सकती है।

इस बार के विधानसभा चुनाव में वसुंधरा राजे को अभी तक कोई बड़ी भूमिका नहीं दी गई है। उनके कट्टर समर्थकों के टिकट भी काटे जा रहे हैं। वसुंधरा राजे गुट के कालीचरण सर्राफ, अशोक परनामी, यूनुस खान, प्रताप सिंह सिंघवी, भवानी सिंह राजावत, देवी सिंह भाटी, रोहिताश शर्मा, कालूलाल गुर्जर, नरपतसिंह राजवी, राजपाल सिंह शेखावत, खेमाराम मेघवाल, अशोक लाहोटी जैसे नेताओं के स्थान पर नए लोगों को टिकट देकर पार्टी वसुंधरा राजे का रहा सहा प्रभाव भी खत्म करने का प्रयास कर रही है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि राजस्थान में इस बार बड़ी संख्या में नये नेता चुन कर आयेगें। जिससे आने वाले समय में प्रदेश की राजनीति में बड़ा बदला बदलाव देखने को मिलेगा।

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है। इनके लेख देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहतें हैं।)

## संपादकीय

### संसद पर छोड़ा

समलैंगिक विवाह के अधिकार पर सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ का बहुमत से फैसला देश के बड़े वर्ग को रुचा होगा। इसमें मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ समेत पांचों न्यायाधीशों ने एकमत से समलैंगिक जोड़े को विवाह करने और उन्हें सिविल यूनियन में प्रवेश का हक देने से इनकार किया है। बच्चा गोद लेने के इनके अधिकार को भी नहीं माना है। इस फैसले से विशेष विवाह अधिनियम-1954 बरकरार रह गया है, जिसमें केवल एक 'पुरु ष' और एक 'महिला' के बीच विवाह की ही अनुमति है। देश का बड़ा तबका इसे भारतीय संस्कृति और परिवारवाद की मौलिक अवधारणा पर न्यायालय की मुहर मान रहा है। विभिन्न धार्मिक समुदायों के प्रसन्न होने के भी अपने जाहिर कारण हैं। इनसे तटस्थ तबका भी बहुत राहत में है, जो समलैंगिकता को प्रकृतिगत यौन रुझान का एक प्रकार न मान कर उसे मानसिक विकृति मानता है-हालांकि यह कोई विकार नहीं है-और किंतु-परंतु के साथ यथास्थितिवादी है। पर संविधान पीठ का यह फैसला समलैंगिक समुदाय के लिए एक झटके से कम नहीं है, जो इसी मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट के हालिया प्रगतिशील फैसलों और उसके सामान्य खुलेपन से एक बड़ी उम्मीद लगा बैठे थे। जब इसी अदालत ने आईपीसी की धारा 377 को रद्द करके समलैंगिकता को अपराधमुक्त कर दिया था। फिर, समलैंगिक व्यक्ति की यौन स्वायत्तता को निजता के उनके मौलिक अधिकार के एक पहलू के रूप में मान्यता दी थी। इनसे उत्साहित समलैंगिक जोड़े ने पिछले साल नवम्बर में भारतीय पारिवारिक कानून के तहत शादी करने में अपनी असमर्थता को समानता, जीवन और स्वतंत्रता, गरिमा, स्वतंत्र भाषण और अभिव्यक्ति आदि के उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन बताते हुए एक याचिका दायर की थी। अदालत ने मई में सुरक्षित रखे फैसले में कहा कि विवाह कानून के दायरे में समलैंगिकों की शादी को वैध करने के लिए 'विधायी संरचना' और नीतियों की एक विस्तृत श्रृंखला में बदलाव करने होंगे। निश्चित रूप से यह विधायी कार्य है। इसके लिए अदालत ने केंद्र से मुद्दे से संबंधित मसलों पर व्यापक रूप से विचार के लिए एक समिति बनाने का सुझाव दिया है, जिसे मान भी लिया गया है। इसमें तैयार मसौदा जब संसद में विचार के लिए आएगा तब यह देखना दिलचस्प होगा कि वह भारतीय परिवार-संस्कृति की रक्षा में इसे खारिज करेगी या उन कुछेक देशों के साथ 'प्रगतिशील' दिखेगी, जहां समलैंगिक शादी की इजाजत है?

## चिंतन-मनन

### जीवन का अर्थ बताती है अर्थी

जीवन भर व्यक्ति इसी सोच में उलझा रहता है कि उसका परिवार है, बीबी बच्चे हैं। इनके लिए धन जुटाने और सुख-सुविधाओं के इंतजाम में हर वह काम करने के लिए तैयार रहता है जिससे अधिक से अधिक धन और वैभव अर्जित कर सके। अपने स्वार्थ के लिए व्यक्ति दूसरों को नुकसान पहुंचाने के लिए भी तैयार रहता है। जबकि हर व्यक्ति के शरीर में आत्मा रूप में बसा ईश्वर गलत तरीके से, दूसरों को अहित पहुंचाकर लाभ पाने के लिए मना करता है। लेकिन जब व्यक्ति आत्मा की बात नहीं सुनता है तो आत्मा मौन धारण कर लेती है। आत्मा को उस दिन का इंतजार रहता है जब व्यक्ति अर्थी पर पहुंचता है। इस समय व्यक्ति को जीवन का अर्थ और आत्मा की कही बातें याद आती है। लेकिन इस समय पश्चाताप के अलावा कुछ और नहीं बचता है। सब कुछ मिट्टी में मिल चुका होता है। आपने मृत व्यक्ति को बांस की फट्टियों पर लेकर जाते हुए कभी न कभी जरूर देखा होगा। बांस की फट्टियों पर जिस पर शव को लिटाया जाता है इसे अर्थी कहते हैं। अर्थी को उठाने के लिए चार कंधों की जरूरत पड़ती है। जब व्यक्ति की अर्थी उठायी जाती है उस समय आत्मा मृत व्यक्ति से कहती है देखो, तुम्हारी यही औकात है। तुम्हें खुद सहारे की जरूरत है, तुम झूठा अहंकार करते रहे कि तुम लोगों को आश्रय दे रहे हो। जिन लोगों के लिए तुम दिन रात धन-वैभव जुटाने में लगे रहे। आज वह संगी साथी परिवार तुम्हें विराने में ले जाकर अग्नि में समर्पित कर देगा। जीवन का मात्र यही अर्थ है। इसलिए अर्थी को जीवन का अर्थ बताने वाला कहा गया है। अर्थी ले जाते समय लोग जोर-जोर से नारे लगाते हैं राम नाम सत्य है, सब की यही गत्य है। नारे लगाने वाले लोग मृत व्यक्ति को और दुनियां को यह बताता है कि वास्तविक सत्य राम का नाम है। अंत में सभी की यही गति होनी है। इसलिए प्रभु का नाम भजते हुए ईमानदारी और सहृदयता के साथ जीवन जीना चाहिए। जरूरतमंदों की सहायता से कभी पीछे नहीं हटना चाहिए। गीता के ग्यारहवें अध्याय का महात्म्य बताते हुए भगवान शिव ने कहा है कि जो व्यक्ति जरूरत के समय व्यक्ति से नज़र फेर लेता है वह नीच योनियों में जन्म लेता है। जरूरत के समय दूसरों की सहायता करने वाला व्यक्ति कई पापों से मुक्त हो जाता है। इसलिए व्यक्ति को परमार्थी होना चाहिए। मनुष्य का जन्म ही इस उद्देश्य के लिए हुआ। जो व्यक्ति इस अर्थ को नहीं समझता उसे अर्थी पर जाकर ही जीवन का अर्थ ज्ञात होता है।

# पोर्न वीडियोग्राफी में भारत दुनिया का तीसरा देश



सनत जैन

पोर्न सेक्स वीडियो देखने , शेयर करने पर 7 साल की सजा ओर 10 लाख का जुमार्ना है। इसके बाद भी 2018 के बाद 75 फीसदी पॉर्न वीडियो देखने का चलन भारत में बढ़ा है। 2018 के बाद से भारत में इंटरनेट और स्मार्टफोन की सुविधा बढ़ने के बाद, सभी वर्गों के बीच पोर्नोग्राफी के वीडियो और कंटेंट देखने की प्रवृत्ति बढ़ी है। भारत में स्मार्टफोन के कारण पोर्न वीडियों और सोशल मीडिया प्लेटफार्म के कारण मानसिक रोगियों की संख्या बढ़ रही है। इंटरनेट पर पोर्न वीडियो के कारण यौन अपराधों की संख्या में वृद्धि हो रही है। यौन अपराधों को रोकने के लिए सरकार 2018 से प्रयास कर रही है। सरकार ने पोर्नोग्राफी की 800 वेबसाइटों को प्रतिबन्धित किया था।कुछ ही समय के बाद पोर्न वेबसाइट अन्य नामों से इंटरनेट पर उपलब्ध हैं। सर्च इंजन के माध्यम से आसानी से हर वर्ग तक पोर्न कंटेंट में सभी की पहुंच है। इस पर रोक लगा पाना सरकार के लिए संभव नहीं है। केंद्र सरकार ने 2008 में आईटी एक्ट में संशोधन कर भारतीय दंड संहिता की धारा 292, 293, 294, 506 और 509 के तहत सजा का प्रावधान किया है। इसका असर भी देखने को नहीं मिला। केंद्र सरकार ने इसके बाद आईटी एक्ट में संशोधन किया। आईटी एक्ट की धारा 66 ई धारा 67 ए और धारा 67 बी के तहत पोर्नोग्राफी फिल्म बनाना, इन्हें शेयर करना अथवा प्रसारित करना प्रतिबंधित किया गया। गैर जमानती अपराध के रूप में धारा 66 ई के तहत पोर्नोग्राफी,पोर्न फोटोग्राफी और फिल्म बनाने पर सजा और जुमार्ने का प्रावधान है। आईटी एक्ट मे अपराध को पाक्सो एक्ट के तहत भी लाया गया है। आईटी एक्ट की धारा 67 ए के अनुसार पोर्नो ग्राफी देखने और शेयर करने पर 5 साल की सजा और 10 लाख रुपए के जुमार्ना का प्रावधान है। दूसरी बार में यही अपराध करने पर धारा 67 बी के तहत 7 साल की सजा और 10 लाख रुपए के जुमार्ना का प्रावधान है। पाक्सो एक्ट के तहत भी कार्रवाई की जाती है। भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत भी सजा का प्रावधान है। गैर जमानती अपराध है।अपराधी के साथ कोई नरमी नहीं बरती जाती है।

इंटरनेट पर भारत में पोर्न वेबसाइट एवं पोर्न कंटेंट पूरी तरह से प्रतिबंधित है। इसके बाद भी इंटरनेट पर जब चाहे, जहां चाहे, सर्च इंजन की सहायता से बच्चे, युवा, बुजुर्ग पॉर्न वीडियो इंटरनेट पर आसानी से देख रहे हैं। पॉर्न वीडियो इंटरनेट और स्मार्टफोन पर उपलब्ध है। यह सरकार भी जानती है। कानून में प्रतिबंधित होने के बाद भी सरकार पोर्न कन्टेंट पर रोक नहीं लग पा रही है। जिसके कारण लोग पोर्न के आदी होकर मानसिक रोग के शिकार हो रहे हैं। यह नशा इतना घातक हो गया है, कि इससे बाहर निकल पाना या इसका उपचार करना डॉक्टरों के लिए भी संभव नहीं रहा। पोर्न कंटेंट देखने से युवाओं में नपुंसक्ता बढ रही है। भारत में पिछले 5 वर्षों में यौन अपराधों की संख्या बड़ी तेजी के साथ बढ़ी है। छोटी-छोटी मासूम बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं होने लगी हैं। यौन अपराधों में कड़ी सजा होने के बाद भी पुलिस यौन अपराधों पर रोक नहीं लगा पा रही है। इंटरनेट पर पॉर्न वीडियो देखने से मानसिक रोगियों के कारण और बच्चियों और महिलाओं को सुरक्षित रख पाना बड़ा मुश्किल होता जा रहा है परिवार एवं रिश्तो में भी अब इस तरह के अपराध बढ़ गए हैं। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी, स्मार्ट फोन पर आसानी से पोर्नोग्राफी के वीडियो उपलब्ध होने से भारत के सभी आयु वर्ग के लोग मानसिक रूप से प्रभावित हो रहे हैं। पॉर्न वीडियो के कारण नजदीकी रिश्तों में यौन संबंध की घटनाओं में बृद्धि हुई है। जिसके कारण सामाजिक एवं पारिवारिक रिश्ते भी अब डर और भय के साए में है। इस समस्या को जल्द खत्म नहीं किया गया, तो भारतीय संस्कृति, पारिवारिक एवं सामाजिक व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती होगी।

# मुद्दाः हक अदा न हुआ नदियों का



सुशील देव



पवित्र नदी गंगा की सफाई का मुद्दा साधारण नहीं है। बढ़ती आबादी और बढ़ते शहरीकरण के कारण इस नदी को साफ और स्वच्छ रखना एक चुनौती है। कई पहल एवं कोशिशों के बाद समय-समय पर कुछ बदलाव भी देखने को मिले, परंतु गंगा को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सफाई एवं स्वच्छता का जो संकल्प लिया, उसके बाद कुछ हद तक सुधार जरूर आया है। उनके शासनकाल से पहले भी गंगा की सफाई और स्वच्छता के लिए अरबों-खरबों रुपये खर्च किए गए मगर मोदी के कार्यकाल ने इसमें बड़ा बदलाव लाया। स्वयं उन्होंने 'गंगा' को अपनी 'मां' कहा और काशी जैसे पवित्र स्थल से चुनाव लड़ा। निश्चित रूप से गंगा के प्रति उनकी कृतज्ञता, श्रद्धा भाव एवं सफाई को लेकर उनकी प्रतिबद्धता दिखलाई दी। गंगा नदी की सफाई को लेकर विभिन्न योजनाओं का ईमानदारी से क्रियान्वयन मोदी सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है, और इस पर हद तक उनके संबंधित मंत्रालयों एवं विभिन्न संगठनों का योगदान सराहनीय रहा है।

सनद रहे कि गंगा की सफाई का अभियान 1979 में भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया था। उसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी द्वारा 1985 में गंगा एक्शन प्लान शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य गंगा के जल की गुणवत्ता को सुधारना था। केंद्र में अलग-अलग सरकारों ने भी इस प्रकार गंगा को प्रदूषण मुक्त एवं स्वच्छ बनाने का बीड़ा उठाया, लेकिन राजनीति या लालफीताशाही की वजह से उनका यह अभियान ज्यादा प्रभावी नहीं बन सका। जब मोदी सरकार ने 'नमामि गंगे' नामक परियोजना बनाई तब जाकर गंभीरता से इस पर पहल हुई। परियोजना की कार्यकारी समिति ने गंगा बेसिन में साफ-सफाई और घाटों के विकास के लिए नौ करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी, जिसमें सात गंगा बेसिन और दो घाटों के विकास का लक्ष्य रखा गया। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की 47वीं बैठक में जल शक्ति मंत्रालय ने इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए 1278 करोड़ रुपये की मंजूरी दी। सभी परियोजनाओं पर तेजी से काम चल रहे हैं।

'नमामि गंगे' कार्यक्रम एक एकीकृत संरक्षण मिशन है। जून, 2014 में इसे राष्ट्रीय नदी गंगा के प्रदूषण, संरक्षण और कायाकल्प के प्रभावी उन्मूलन के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए 20 हजार करोड़ रुपये के बजट से शुरू किया गया था। इस मिशन के तहत उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान राज्यों में अड़तालीस सीवेज प्रबंधन परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं तथा 98 सीवेज परियोजनाएं पूरी की जा चुकी हैं। इन सब का उद्देश्य गंगा नदी का संरक्षण एवं कायाकल्प करना है। अब स्थिति यह है कि गंगा की मुख्य धारा विभिन्न प्रयासों की वजह से काफी हद तक साफ हो गई है। मगर नदी में गंदे पानी का बहाव रोकना बेहद जरूरी है। हालांकि कल-कारखानों के केमिकल या नालियों के बहाव को लेकर भी सरकार ने सजगता दिखाई है। ऐसी उम्मीद की जा रही है कि 2025 तक गंगा में नाले गिरना बंद हो जाएंगे। साफ-सफाई एक लगातार प्रक्रिया है, जिसके लिए केंद्र सरकार हमेशा प्रयत्नशील है। सरकार ने अन्य प्रदूषित नदियों की भी पहचान कर राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम शुरू किया है। नदियों को कैसे सुरक्षित और संरक्षित रखा जाए, अपनी शहरी योजनाओं का हिस्सा कैसे बनाया जाए। इसके लिए लोगों के बीच जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य नदियों को स्वच्छ बनाना और पुनर्जीवित करना है। साथ ही, नमामि गंगे को जन आंदोलन बनाने का भी लक्ष्य है। इस दिशा में काम भी हो रहे हैं।

इसमें कोई शक नहीं कि नदियां हमारा जीवन हैं। ये हमारा पोषण करती हैं, और जहां तक गंगा की बात है, तो हमारी सांस्कृतिक विरासत होने के नाते गंगा के किनारे धार्मिक एवं पर्यटन क्षेत्र हमें रोजगार तक मुहैया कराते हैं। दुनिया की सबसे लंबी नदियों में से एक गंगा इस प्रकार हमारे देश की चालीस फीसद से अधिक आबादी का भरण-पोषण करती है। यही नहीं, नदियां विभिन्न संस्कृतियों को एक सूत्र में पिरोने का माध्यम भी हैं। इसलिए इनकी स्वच्छता और संरक्षण हम सबके लिए जरूरी हो जाता है। हालांकि यह कार्य कठिन है, लेकिन इस कठिन कार्य को नरेन्द्र मोदी जैसे दूरदर्शी नेता ने आसान कर दिखाया है। उनके कदम और प्रयास सार्थक साबित हुए हैं। अक्सर कई सरकारों का यह राजनीतिक कर्त्तव्य रहा मगर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गंगा की सेवा को अपनी नियति बताया, जिससे देशवासियों की भी सोच बदली है। मानव सभ्यताओं को नदियों ने जीवन दिया लेकिन हमने नदियों को क्या दिया? इस पर गंभीरतापूर्वक विचार करने की जरूरत है। हम पर नदियों का इतना कर्ज है, सो गंगा के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए हमें भी अच्छी सोच रखनी चाहिए।

# हाथरस में बोले सीएम : महिलाओं का विकास हमारी प्राथमिकता



**संस्कार उजाला, महेश शर्मा**

**हाथरस/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महिलाओं का विकास हमारी प्राथमिकता है। आज सरकार की सभी योजनाओं का लाभ गरीबों को मिल रहा है। गांव, गरीब, किसान, नौजवान और महिलाएं डबल इंजन की सरकार के एजेंडे में हैं। पिछले साढ़ें नौ साल के अंदर हमने नए भारत का दर्शन किया है। जिसमें किसी के साथ जाति, धर्म और लिंग के आधार पर कोई भेदभाव नहीं हो रहा है। महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करते हुए उनको आगे लाया जा रहा है। सीएम योगी ने गुरुवार को सेठ फूल चंद बांग्ला पीजी कॉलेज में आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने 177.29 करोड़ रुपए की 214 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/ शिलान्यास किया। साथ ही सीएम योगी ने सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए संवाद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अब उत्तर प्रदेश के अंदर दंगे बंद हो गए हैं। खुशी के साथ यहां त्यौहार मनाए जा रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि साढ़े नौ वर्षों में देश को बदलते हुए देखा है। वहीं साढ़े छह वर्ष में प्रदेश में परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि आज हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक नए भारत का दर्शन कर रहे हैं। आज के भारत में जाति, मत, मजहब, क्षेत्र, भाषा या लिंग के आधार पर किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होता है। अब सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना के साथ कार्य किया जा रहा है। जिन्हें विशेष प्रोत्साहन दिए जाने की आवश्यकता है उनके लिए नई-नई योजनाएं बन रही हैं।

# मिशन शक्ति खेल प्रतियोगिता मे रुखसार ने मारी बाजी



**संवाददाता**

**कैराना।** मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत प्राथमिक विद्यालय बदलूगढ़ कैराना मे बालिकाओ और महिला अध्यापिकाओं के लिए खेल का आयोजन किया गया । बच्चों व महिला अध्यापिकाओं की परस्पर प्रतियोगिता करायी गयी । बालिकाओ ने खेल मे बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया । लम्बी कूद मे कक्षा 5 की रुखसार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । कबड्डी मे इल्मा की टीम ने बाजी मारी । अध्यापिकाओं की दौड़ प्रतियोगिता मे रीता चौहान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । इस अवसर पर प्रधानाध्यापक राकेश सैनी ने बच्चों को जीवन मे खेलो का महत्व समझाते हुए बताया की खेल हमारे जीवन मे स्वास्थ्य के साथ पारस्परिक प्यार और भाई चारे को भी बढ़ाते है । वर्तमान मे बच्चे बूढ़े और जवान सभी तनाव की समस्या से झूज रहे हैं । इसलिए सभी के लिए खेल जरूरी है ।

## संक्षिप्त डायरी

### पुलिस ने छापा मारकर गेस्ट हाउस से दो युवतियाँ सहित तीन गिरफ्तार



**संस्कार उजाला, तेजवीर सिंह**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश के थाना गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र की तीर्थ नगरी ब्रजघाट स्थित एक गेस्ट हाउस में पुलिस ने आवास कर वास्तविक आवास में रहने वाली दो युवतियों से मेनेजर को लेकर पूछताछ की।जहाँ निगम के प्रभारी निरीक्षक सोमवीर सिंह ने बताया कि सचिवालय एक्ट में बिना रजिस्ट्रेशन चलाए जा रहे होटल धर्मशालाएं और गेस्ट हाउस पर पूरी तरह से रोक लगाई गई है। ब्रिजघाट में अवैध तरीके से खुले हुए गेस्ट हाउस की सूचना पर पुलिस ने दो युवतियों और मेनेजर को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

### साबुन फैक्ट्री मैं विस्फोट होने से चार लोगों की मौत होने पर SSFI ने उठाई आवाज



**संस्कार उजाला, तेजवीर सिंह**

**जनपद** मेरठ के लोहिया नगर मैं साबुन बनाने की फैक्ट्री में बड़ा हादसा हुआ !जहाँ अचानक विस्फोट होने से चार लोगों की मोके पर मौत हो गई !पांच जनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया मिली जानकारी से उनकी भी हालत गंभीर बताई गई ! बतादें मोके पर पहुंची पुलिस ने सुरक्षा कर्मियों द्वारा मलवा हटवाकर बचाव कार्य जारी किया ! मलवे मैं दबे लोगों को मशीन द्वारा निकाला गया !वहीं सामाजिक सुरक्षा फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानेंद्र कुमार गौतम अपने साथी जिला सचिव विनेश प्रधान जी के साथ मौके पर पहुंचे और अस्पताल में जाकर घायलों का हाल जाना !उन्होंने कहा कि संगठन के द्वारा घायल हुए लोगों कि हर तरह से मददत कराई जाएगी ! व दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए पीड़ित परिवारों की आर्थिक मदद के लिए एवं सभी फैक्ट्रियों में श्रमिक सुरक्षा कानून का कठोरता से पूर्ण पालन करने के लिए सरकार से मांग की जाएगी।

### नवरात्रि में भी चल रही है मीट की दूकाने, उडी कानून के नियमों की धज्जियाँ



**संस्कार उजाला, तेजवीर सिंह**

आपको बतादे की जनपद हापुड़ के थाना गढ़मुक्तेश्वर के छेत्र मीरा की रेती में नवरात्रि के चलते भी मीट की दुकाने खुली दीखी !एक तरफ तो हापुड़ की जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा और पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने सिटी और आस पास की मीट की दुकानों को नवरात्रि के लगते ही बंद करने के आदेश जारी कर दिए थे ! तो एक तरफ मीट की मछली की दुकाने धड़ल्ले के चल रही है लेकिन सोचने वाली बात यह है की इतने शख्त आदेशों के बाद भी मीट मछली की दुकाने खुली मिल रही हैं !जहाँ कानून के नियमों की बिल्कुल सरे आम धज्जियाँ उड़ती दीख रही हैं !जिनको पुलिस प्रशासन का कोई खौफ नहीं नजर आ रहा है

### मुख्यमंत्री प्रगति सील पशुपालक योजना में मिलेगा प्रोत्साहनः मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी खुशीराम

**संस्कार उजाला**

**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश सरकार पशुपालकों के लिए तरह-तरह के अभियान चला रही है। वही जनपद अमरोहा के पशु विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार की छोटी बड़ी योजनाओं को जनपद में रहने वाले पशुपालकों को उपलब्ध कराया जा रहा है। इस दौरान जनपद अमरोहा के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी खुशी राम ने जानकारी देते हुए बताया है कि मुख्यमंत्री प्रगति सील पशुपालक प्रोत्साहन योजना स्वदेशी नस्ल की गायों का दूध उत्पादन के अनुसार उन पशुपालकों को प्रोत्साहित किया जाएगा। जिनकी गाय 10 लीटर दूध, 10 लीटर से अधिक साइवल, गिर,नसल की पशुपालकों को 10000 रुपए की धनराशि दी जाएगी। जिनका गाय का 10 लीटर से अधिक दूध है। तो उन्हें ₹15000 की धन राशि उपलब्ध कराई जायेगी। यह केवल उन पशु पालकों के लिए हैं। जिनके पास में साहीवाल नस्ल, गिर नस्ल, हरियाणा थार नस्लों की गाय हैं। और 45 दिन की बियाही गई हो। उन्हीं पशुपालकों की गायो का दूध का चार टाइम का टीम द्वारा नापा जाएगा। और उनके नाम चैन कमेटी को भेज दिए जाएंगे। इन गायों का बीमा होना भी आवश्यक है।

## किसानो के जत्थे की बस को हरी झंडी दिखाकर किया मेरठ के लिए रवाना



**संस्कार उजाला, तेजवीर सिंह**

**हापुड़ ।** उप सम्भागीय कृषि विभाग के तत्वाधान में किसानों के भ्रमण करवाने के लिए सरदार बल्लभ भाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय मोदीपुरम मेरठ के लिए उप कृषि निदेशक डाक्टर विपिन बिहारी द्विवेदी ने किसानो के जत्थे की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया मेरठ जाने वाले किसानों राष्ट्रीय सैनिक संस्था के जिला अध्यक्ष व प्रगतिशील किसान ज्ञानेंद्र त्यागी,सुरेन्द्र त्यागी,ब्रजभूषण त्यागी वझीलपुर ,अक्षय त्यागी,विजय त्यागी धनौरा,प्रेमशंकर शर्मा,नीरज कुमार बदनौली,मोमीन खांन,मौहम्मद अख्तर बड़ौदा सिहानी,कैलाश सैनी,हरिराज सैनी,अमित सैनी,सुरेन्द्र सैनी,भोपाली सैनी,नरायण सैनी,नरेंद्र सैनी शिवशंकर सैनी हर्सिंगपुर,गौरव त्यागी असौडा आदि किसान रहे।

## भीमराव अंबेडकर द्वारा नारियों के उत्थान में किये गए कार्य



**संस्कार उजाला, तेजवीर सिंह**

**हापुड़ ।** रहने वाले कवि सचिन कुमार निगम ने बताया की मुरादाबाद के काशीराम पार्क में भिखु संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भिखु संरक्षित भंते जी के द्वारा वर्षा वास समापन के रूप में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में अलग-अलग शहरों से देश के अलग-अलग राज्यों से भंते जी पहुंचे जिन्हें वर्षा वास समापन पर चीवर दान किया गया । मुरादाबाद के उपासको ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया और आए हुए अतिथियों का प्रेम भाव से सम्मान किया। कार्यक्रम में मेरठ से चल कर राष्ट्रीय कवि सचिन कुमार निगम उपस्थित रहे जिन्होंने बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर द्वारा नारियों के उत्थान में किये गए कार्य बताते हुए नारियों को समर्पित काव्य पाठ किया जिसमें दबे पिछड़े शोषित नारियों के अधिकार को बताते हुए एक से बढ़कर एक कविताएं पढ़ी जिसमें उन्होंने पढ़ा डॉ अंबेडकर को समर्पित "नतमस्तक होकर नमन करूं कैसे धीर धराऊ मैं। आंखों से आंसू टपक रहे कैसे दिल को समझाऊं मैं ।। बाबा संपूर्ण ज्ञान का भंडार हो तुम दलितों का उद्धार हो तुम कीचड़ में कमल खिला हो जैसे दलितों के भगवान हो तुम। भगवान हो तुम इंसान हो तुम कैसे गुणगान कराऊँ मैं आंखों से आंसू टपक रहे कैसे दिल को समझाऊं मैं" । इसी बीच कालागढ़ बिजनौर से चलकर विशिष्ट अतिथि के रूप में वक्ता योगेंद्र राणा जी कार्यक्रम में पहुंचे और अपने विचारों से समाज किस तरह उन्नति कर सकता है परम पूज्य बाबा साहब के मार्गो को बताते हुए कार्यक्रम में उपस्थित तमाम उपासक व उपसिको को जागरूक करने का प्रयास किया कार्यक्रम का संचालन रूप सिंह भारती जी ने किया इसी बीच समता सैनिक दल विजय सागर जी , राजेश्वर दिवान जी बुलंदशहर कपिलबोध, अशोक निमेष जी वह अन्य साथी मौजूद रहे ।

## श्रीराम बारात का अनेक जगह श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत एवम भगवान राम की आरती हुई



**संस्कार उजाला**

**गाजियाबाद।** श्री सनातन धर्म रामलीला कमेटी ट्रस्ट रजि. सेक्टर 9 रामलीला मैदान सामुदायिक केंद्र विजय नगर गाजियाबाद द्वारा आयोजित श्रीराम बारात शोभा यात्रा 17 अक्टूबर को निकाली गई राम बारात सेक्टर 9 क्षेत्र के अनेक ब्लॉकों व मार्किट से होते हुए रामलीला मंच पर रात्रि 10/11 बजे पहुंची राम बारात शोभा यात्रा में 10 ,15 झांकीयों के साथ साथ ढोल, तासे ,शहनाई और दिल्ली , गाजियाबाद के जाने पहचाने बैंडों द्वारा निकाली गई राम बारात शोभा यात्रा का क्षेत्र वासियों ने हर्षोल्लास के साथ पुष्प वर्षा से स्वागत किया और जगह-जगह जलपान नाश्ते की व्यवस्था करी ! राम बारात को निकालने में सुचारू रूप से व्यवस्था भी बनाई गई जिसमें विशेष सहयोग रामलीला कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता उनके समस्त पदाधिकारी, अध्यक्ष के विशेष आमंत्रित अथिति अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष संजय बिंदल एवं जिला संयोजक- मीडिया प्रवक्ता प्रेम प्रकाश चीनी का राम नाम का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया इस अवसर पर एस एसएचओ प्रभारी निरीक्षक थाना विजय नगर अमित कुमार खारी की समस्त टीम का राम बारात को अच्छी व्यवस्था के साथ निकलवाने में सहयोग रहा !रामलीला कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने इस शुभ कार्य पर सभी को बधाई दी और सबका सहयोग देने पर धन्यवाद !

# बच्चों के माता-पिता ना होने पर मिलेगा आर्थिक लाभः जिला प्रोबेशन अधिकारी राकेश सिंह

**संस्कार उजाला, सचिन शर्मा**

**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश सरकार गरीब लोगों के लिए तरह-तरह की योजना उपलब्ध करा रही है। यहां जनपद अमरोहा में पात्र लोगों को उत्तर प्रदेश सरकार की छोटी बड़ी योजना का लाभ दिलाया जा रहा है। वही जनपद अमरोहा के जिला प्रोबेशन अधिकारी राकेश सिंह उत्तर प्रदेश सरकार की छोटी बड़ी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचने कम कर रहे हैं। इसी के साथ उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन जागरूकता रैली, केंप द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी के साथ जिला प्रोबेशन अधिकारी राकेश सिंह से प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत 18 वर्ष से कम आयु के ऐसे बच्चे जिन्होंने कोविड-19 से भिन्न अन्य कारण से अपने माता-पिता दोनों में से किसी एक की मृत्यु 1 मार्च सन 2020 के बाद हो गई है। अथवा 18 वर्ष से 23 वर्ष के ऐसे किशोर जिन्होंने कोविड या कारणों से अपने माता-पिता दोनों में से किसी एक अभिभावक की मृत्यु 1 मार्च सन 2020 के बाद हो गई है। तो वह कक्षा 12 तक शिक्षा पूर्ण करने के उपरांत राजकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय अथवा तकनीकी संस्थानों से स्नातक डिग्री पर डिप्लोमा प्राप्त करने के लिए सुविधा प्राप्त कर रहे हो या नीट, जेईई, कलेट, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं परीक्षाएं पास करने वाले जिनकी माता-पिता तलाकशुदा या स्त्री या परित्यक्ता अथवा जिनके माता-पिता या परिवार का मुख्य करता जेल में है।



अथवा ऐसे बच्चे जिन्हें बाल श्रम, बाल, वेश्यावृत्ति से मुक्त कराकर परिवार वातावरण में समायोजन कराया गया हो अथवा भिक्षावृत्ति में सम्मिलित परिवारों के बच्चों को आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाना उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य है। पात्रता हेतु 0 से 5 तक के बच्चों को छोड़कर अन्य से भी लाभार्थियों का किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में पंजीकरण होना आवश्यक होगा। ऐसे बच्चों को प्रत्येक महीना 2500 रुपए की सहायता प्रदान की जाएगी। इसी के साथ उन्होंने बताया है कि उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वपूर्ण योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में बच्चियों को जन्म होने से लेकर स्नातक की शिक्षा प्राप्त करने तक की धनराशि विभिन्न 6 चरणों में प्रदान की जाएगी। या ऐसी बच्चों के लिए जिनके परिवार में दो बच्चे हैं। उन्हें ही उत्तर प्रदेश सरकार की योजना का लाभ दिलाया जाएगा। किसी के साथ उन्होंने बताया है कि प्रर्वतका योजना के अंतर्गत जहां माता-पिता विधवा या बच्चा माता-पिता विहीन हो जहां बालक अनाथ है और विस्तृत कुटुंब के साथ रह रहे हैं। जहां माता-पिता संकट में रोगों से पीड़ित है दुर्घटना के कारण ऐसे सत्य हो गए हैं और बालक की वित्तीय एवं शारीरिक देखभाल करने में असमर्थ है। तो कार्यालय जिला बाल संरक्षण इकाई अमरोहा द्वारा योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

# प्रो0 कुमुद त्रिपाठी विद्वता एवं विनम्रता की प्रतिमूर्तिः केपी सिंह



**संस्कार उजाला, मोहित कुमार**

**कसया, कुशीनगर।** प्रो0 कुमुद त्रिपाठी जी का व्यक्तित्व चुम्बकीय है। आप अजातशत्रु है। आप विद्वता एवम् विनम्रता की साक्षात प्रतिमूर्ति है।मेरे लिए बीएड विभाग से अगाध स्नेह का एक कारण कुमुद त्रिपाठी मैम भी है। उपरोक्त विचार महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 कृष्ण प्रताप सिंह ने सम्मान समारोह के अवसर पर कही। इस अवसर पर बोलते हुए प्रो कुमुद त्रिपाठी ने कहाकि अभी अलविदा मत कहो दोस्तो, न जानें किस मोड़ पर मुलाकात होगी। आपने कहाकि मै सेवा से निवृत्त भले हो रही हूं लेकिन इस महाविद्यालय की स्मृतियां हमेशा साथ रहेंगी। विभाग के लोगो ने जो सम्मान और प्यार और दिया है उसके प्रति मैं हमेशा आभारी रहूंगी। सचिव विरेन्द्र सिंह अहलूवालिया ने बताया कि यह सम्मान समारोह मैडम की आगे की यात्रा का प्रस्थान बिंदु है।शिक्षक अंतिम सांस तक ज्ञानवर्धन करता रहता है।इसलिए वह कभी सेवा निवृत्त नहीं होता। विभागाध्यक्ष और कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो विभ्राट चंद कौशिक ने कहा कि मेरे अध्यक्षीय कार्यकाल में बीएड विभाग ने नैक मूल्यांकन कराया उसमें आपका सहयोग महत्वपूर्ण रहा। आप मेरी सहपाठी और मित्र रही है। अतः आपके गुणों और व्यक्तित्व के बारे में बहुत निकट से परिचित हूं इस आधार पर कह सकता हूं आप अद्वितीय व्यक्तित्व की स्वामिनी है। इस अवसर पर प्रो कुमुद त्रिपाठी, मंचस्थ अतिथियों और उपाथित आचार्यगण, छात्र-छात्राओं का शब्दांजलि के माध्यम से स्वागत डॉ निगम मौर्य ने किया। संचालन श्रीकृष्ण कुमार जायसवाल ने किया। इस अवसर पर शिक्षक संघ अध्यक्ष प्रो0 सत्येंद्र कुमार गौतम, प्रो कौसतुभ नारायण मिश्र, विवेक श्रीवास्तव डॉ चंद्रप्रकाश सिंह छात्र अजय जायसवाल ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर प्रो0 रेखा तिवारी, प्रो किरन जायसवाल, प्रो महबूब आलम, प्रो0 वीरेन्द्र कुमार, डॉ इंद्रजीत मिश्र, डॉ गौरव तिवारी, डॉ अनुज कुमार, डॉ पारस नाथ, डॉ राकेश राय, डॉ जितेंद्र मिश्र, डॉ राजेश कुमार जायसवाल, डॉ सत्यप्रकाश , डॉ सी एस सिंह डॉ सौरभ द्विवेदी, डॉ रीना मालवीय, डॉ श्वेता यादव, डॉ विशेषता मिश्रा, डॉ ज्ञानेश कुमार सिंह, डॉ कलाम, डॉ अंशु यादव छात्र अंकित गुप्ता, अजय जायसवाल समेत बड़ी संख्या में छात्र छात्राए उपास्थित रहे।

# मातृशक्ति प्रतिमाओं पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी आयोजित



**संस्कार उजाला, अजय कुमार**

**कसया, कुशीनगर।** प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2020 में शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु मिशन शक्ति का शुभारम्भ किया गया। इसी कड़ी में संग्रहालय द्वारा भी मिशन शक्ति के अन्तर्गत नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन पर आधारित कार्यक्रम निरन्तर आयोजित किए जा रहे हैं। मिशन शक्ति विशेष अभियान-4 के अंतर्गत शारदीय नवरात्रि के अवसर पर राजकीय बौद्ध संग्रहालय, कुशीनगर द्वारा विविध संग्रहालयों में संग्रहीत मातृशक्ति प्रतिमाओं पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। संग्रहलयाध्यक्ष अमित कुमार द्विवेदी ने कहा कि भारत में प्राचीनकाल से ही महिलाओं को अत्यन्त सम्माननीय एवं गरिमामय स्थान प्राप्त रहा है। भारतीय धर्म एवं दर्शन में नारी को शक्ति एवं असीम ऊर्जा का स्त्रोत माना गया है। नवरात्रि के नौ दिनां में देवी के नौ अलग-अलग शक्ति स्वरूपों की उपासना होती है। देवी साक्षात जगद्जननी हैं। नारी भी मां के रूप में जननी होती है। मां के रूप में उसने श्रीराम तथा श्रीकृष्ण को जन्म दिया है। भारत में मातृशक्ति और शक्ति पूजन के रूप में देवी पूजन की परम्परा प्राप्त होती है। प्रारंभ में देवी की उपासना माता के रूप में की जाती थी। पुराणों की दुर्गा स्तुतियों में देवी के माता स्वरूप का वर्णन प्राप्त होता है। सृष्टि की निरन्तरता बनाये रखने में योगदान के कारण मातृशक्तियों का पूजन आरंभ हुआ था। देवी पूजन का दूसरा रूप शक्ति पूजन के रूप में प्रकट हुआ।

शक्ति पूजन की अवधारणा में विभिन्न देवताओं की शक्ति उनसे सम्बद्ध देवियों की शक्तियों में निहित मानी गयी है। कुषाण काल के बाद मातृका तथा शक्ति-पूजन के बीच समन्वय की स्थापना हुई जो स्पष्टतया सप्त या अष्टमातृकाओं की अवधारणा में दृष्टिगोचर होती है। विभिन्न प्रतिमाओं में मातृकाओं की गोद में शिशु का अंकन कर शक्ति के साथ उनके मातृ पक्ष को भी दशार्या गया है। प्रदेश के विविध संग्रहालयों में सप्त एवं अष्टमातृका पट्टों सहित महिषासुरमर्दिनी, उमा, पार्वती, गौरी, सरस्वती, लक्ष्मी, वैष्णवी, वाराही, चामुण्डा एवं गंगा व यमुना आदि देवी प्रतिमायें संग्रहीत हैं। इन प्रतिमाओं के छायाचित्रों का प्रदर्शन इस प्रदर्शनी में किया गया है।उक्त अवसर पर तेज प्रताप शुक्ला, गोविन्द, मीरचन्द,वेग, श्रवण कुशवाहा, धीरेंद्र मिश्रा, महेश कमलेश आदि उपस्थित रहे।

# शिखर शिक्षा सदन में मीरापुर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति तहत स्कूल के बच्चो को किया गया जागरूक



**संस्कार उजाला, दिनेश शर्मा**

**मीरापुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम 17 अक्टूबर से 21 अक्टूबर के बीच चलाये जा रहे अभियान मे जिसमें प्रतिदिन अलग अलग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मिशन शक्ति दौड़ तथा विभिन्न खेलकूद कार्यक्रमों का आयोजन मीरापुर थाना प्रभारी रवेन्दर सिंह यादव, चौकी प्रभारी संभलहेड़ा रामखिलाड़ी शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा शिखर शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल मीरापुर में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में कबड्डी,वॉलीबॉल,खो खो और दौड़ का आयोजन किया गया।विद्यार्थियों ने इन सब खेलों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अंत में महिला कांस्टेबल रेणु सिंह एवं एकता ने छात्राओं को साइबर क्राइम के बारे में समझाया। उन्होंने विद्यालय की समस्त छात्राओं को गुड टच और बैड टच के बारे में उदाहरण देकर समझाया। सुरक्षा से संबंधित विभिन्न टोल फ्री नंबरों के बारे में बताया जिस पर छात्राएँ किसी भी तरह की परेशानी होने पर शिकायत दर्ज करा सकती हैं। थाना प्रभारी ने छात्राओं से कहा कि पुलिस प्रशासन छात्राओं एवं महिलाओं के साथ हमेशा खड़ा है। फोन कॉल आते ही 5 मिनट के अंदर उनके पास पुलिस सुरक्षा पहुँचने का आश्वासन दिया गया। विद्यालय चेयरमैन सुशील कुमार शर्मा ने थाना प्रभारी और उनकी टीम का इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए बहुत आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य पुनीत राजपूत ने अपने विद्यालय में एक शिकायत पेटी लगवाने को कहा जिसमें छात्राएँ अपनी शिकायत डाल सकती हैं। विद्यालय निदेशक राजेश शर्मा ने छात्राओं से ये सभी जानकारी अपने आस पास रहने वाली महिलाओं को भी समझाने के लिए कहा।

## पत्नी के चर्च जाने से थी आपत्ति, बार-बार होता था झगड़ा; 55 वर्षीय पति ने की महिला की गला दबाकर हत्या

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के अंबेडकर नगर थाना क्षेत्र में 55 साल के शख्स ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। शख्स वेद प्रकाश ने सुशीला से लव मैरिज की थी। सुशीला ईसाई थीं। वेद प्रकाश पत्नी के चर्च जाने पर आपत्ति करता था। इसे लेकर महिला ने पुलिस को पहले ही सूचना दी थी। साथ ही घरेलू हिंसा की एफआईआर भी दर्ज कराई थी।

बेटे ने बताया पिता ने क्यों की हत्या?

इस संबंध में पुलिस को अस्पताल से मंगलवार (18 अक्टूबर) को सूचना मिली थी। जानकारी के मुताबिक, सुशीला (मृतिका) को बेहोश अवस्था में पति ने अंबेडकर नगर स्थित एचएएच सेंटेनरी अस्पताल में भर्ती कराया था। महिला के शव पर चोट के कई निशान हैं। गर्दन के चारों ओर चोट और नाखून के निशान होने से माना जा रहा है कि महिला की गला घोंटकर हत्या की गई है।

मृतिका के बेटे आकाश ने अपने पिता वेद प्रकाश के खिलाफ अपनी मां सुशीला की हत्या के संबंध में पुलिस को एक लिखित शिकायत दी, जिसमें कहा गया कि वह अपनी पत्नी, मां और पिता के साथ रहता है। वह पहली मंजिल पर रहते हैं और उनकी मां और पिता ग्राउंड फ्लोर पर रहते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी मां और पिता अक्सर लड़ते रहते थे क्योंकि मेरी मां ईसाई हैं और मेरे पिता हिंदू हैं।

## 21 अक्टूबर को ग्रेटर नोएडा आएंगे किसान नेता राकेश टिकैत, बिजली विभाग के दफ्तर पर करेंगे तालाबंदी

**ग्रेटर नोएडा।** बिजली विभाग के खिलाफ चले रहे किसानों के आंदोलन को धार देने किसान नेता राकेश टिकैत 21 अक्टूबर को ग्रेटर नोएडा आएंगे। ग्रेटर नोएडा में राकेश टिकैत किसानों की एक बड़ी पंचायत में भाग लेंगे ।किसानों की मांग पूरी न होने पर राकेश टिकैत उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन तथा नोएडा पावर कंपनी के दफ्तर पर तालाबंदी कर देंगे।

जानकारी के मुताबिक ग्रेटर नोएडा जीरो पॉइंट पर भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में दसवें दिन धरना प्रदर्शन जारी है। बरहस्पतिवार को धरना स्थल से भारतीय किसान यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने यूपीपीसीएल के चीफ राजीव मोहन, एनपीपीसीएल के चीफ सारनाथ गांगुली तथा दोनों विभागों के अधिकारियों के साथ किसानो की समस्याओं को लेकर वार्ता की। यह वार्ता एनपीपीसीएल कार्यालय में लगभग 3 घंटे तक चली। वार्ता के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने 21 अक्टूबर तक समस्याओं का समाधान न होने पर दोनों विभागों में तालीबंदी करने की चेतावनी दी ।

## गाजियाबाद में ज्वेलरी शॉप से गहने चोरी करने वाला गैंग पकड़ा गया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस ने ज्वेलरी शॉप से जूलरी चोरी करने वाले एक गैंग का खुलासा किया है और तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें 50 साल की एक महिला भी शामिल है, जो इस गैंग की सरगना है। यह महिला 31 साल से दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में ज्वेलरी शॉप से जूलरी चोरी करने का काम कर रही हैं। इस दौरान यह करीब चार बार जेल भी जा चुकी है और पांचवीं बार पकड़ी गई है। गाजियाबाद पुलिस ने बुधवार को ज्वेलरी चोरी के एक गैंग को पकड़ा। पूछताछ में पता चला कि इस गैंग की सरगना 50 साल की खातून है, जो पिछले 31 साल से चोरी की वारदातों को अंजाम दे रही। इस गैंग के मर्द रेकी करते हैं, जबकि महिलाएं ज्वेलरी शॉप में कस्टमर बनकर जाती हैं और ज्वेलरी चुरा लेती हैं।

## नोएडा में यथार्थ ग्रुप के हॉस्पिटल्स पर आईटी की रेड

**नोएडा।** टैक्स की हेरा-फेरी के मामले में शिकायत के बाद नोएडा के यर्थाथ ग्रुप पर इनकम टैक्स के अधिकारियों ने रेड डाली है। उनको लगातार टैक्स में हेर-फेर और अनएकाउंटेंड ट्रांजेक्शन की शिकायत मिल रही थी। रेड दिल्ली यूनिट की टीम कर रही है। उत्तर प्रदेश के नोएडा में गुरुवार सुबह साढ़े सात बजे यर्थाथ ग्रुप के नोएडा, ग्रेटर नोएडा के अलावा कई अन्य ठिकानों पर एक साथ रेड शुरू की गई। इसमें नोएडा यूनिट की भी मदद ली जा रही है। रेड लंबी चलने की उम्मीद है। बता दें कि नोएडा का ये दूसरा सबसे बड़ा अस्पताल का ग्रुप है। इससे पहले मेट्रो और नियो अस्पताल पर भी इनकम टैक्स की रेड हो चुकी है। नोएडा में सेक्टर-110 के अलावा ग्रेटर नोएडा और ग्रेनो वेस्ट में यर्थाथ अस्पताल है। इसके अलावा इनके रीजनल ऑफिस और एडमिन से जुड़े लोगों के यहां भी रेड की जा रही है। दस्तावेजों और इनपुट के आधार पर सवाल जवाब किए जा रहे हैं। अस्पताल की इनडोर और आउटडोर ओपीडी में मरीजों को कोई परेशानी नहीं है। बता दें दिल्ली यूनिट की कई टीम इस रेड को कंडक्ट कर रही है। रेड दो से तीन दिन तक भी चल सकती है।

# दिल्ली में बदले मौसम का एयर ट्रैफिक पर दिखा असर, दिल्ली से 13 फ्लाइट्स डायवर्ट

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गांवों के मसलों पर आंदोलन कर रहे खापों के प्रमुखों के साथ बैठक की। बैठक में परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत, पालम 360 खाप के प्रधान चौ. सुरेंद्र सोलंकी, बवाना 52वीं खाप के प्रधान चौ. धारा सिंह, लाडो सराय 96 खाप के प्रधान चौ. नरेश व सुरहेड़ा 17 के प्रधान त्रिभुवन यादव मौजूद थे।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने उनके मसलों से सहमति जताई और उन्हें पूरा करने का आश्वासन दिया। वहीं खापों के प्रतिनिधियों ने कहा कि मांगें पूरी नहीं होने तक वह आंदोलन समाप्त नहीं करेंगे। खापों के प्रमुखों ने बताया कि मुख्यमंत्री ने गांवों को हाउस




टैक्स से मुक्त करने के मामले की दो दिन में रिपोर्ट लेकर कार्रवाई आरंभ करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा डीएलआर एक्ट की धारा-81 और धारा-33 के तहत कार्रवाई को समाप्त करने, धारा-81 में दर्ज पुराने मामलों को तुरंत वापस लेने और धारा-74 (4) के अंतर्गत गांवों के भूमिहीनों, पूर्वसैनिकों व उनकी विधवाओं आदि को ग्रामसभा की भूमि में आवंटित रिहायशी व कृषि भूमि के पट्टों को मालिकाना हक देने के संबंध में सरकार ने प्रस्ताव करके उपराज्यपाल के पास भेज रखे हैं।

ग्रामसभा की जमीन का डीडीए को हस्तांतरण करने पर रोक लगाने, उसका इस्तेमाल गांवों में सुविधाएं उपलब्ध कराने, सभी गांवों में लाल डोरे का विस्तार करने, स्वामित्व योजना को लागू करके ग्रामीणों को उनकी पुश्तैनी संपत्ति का मालिकाना हक देने और भूमि अधिग्रहण से संबंधित सर्किल रेट पूरी दिल्ली में एक समान करने के संबंध में जल्द ही प्रस्ताव पास किए जाएंगे।

## पोर्टल के एडिटर की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से मांगा जवाब, UAPA के तहत गिरफ्तारी के खिलाफ है याचिका




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने न्यूजक्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और उसके एचआर हेड अमित चक्रवर्ती की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा है। इन दोनों ने आंतक निरोधी कानूनी यूएपीए के तहत अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। न्यूजक्लिक मामले की सुनवाई कर रही जस्टिस बीआर गवई और प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर इस मामले में 30 अक्टूबर तक उनका जवाब दाखिल करने को कहा है। अदालत ने यह तारीख याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील कपिल सिब्बल और देवदत्त कामत की जल्द सुनवाई की दलील के बाद दिया। गौरतलब है कि प्रबीर पुरकायस्थ की ओर से कपिल सिब्बल और अमित चक्रवर्ती की ओर से देवदत्त कामत वकील के तौर पर पेश हुए।

# त्योहारों पर 5.50 लाख यात्रियों को कन्फर्म सीट और बर्थ देने की तैयारी, चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

**नई दिल्ली।** त्योहारों को लेकर रेलवे ने कमर कस ली है। दुर्गा पूजा के दौरान बढ़ने वाली अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे ने साढ़े पांच लाख लोगों को घर तक पहुंचाने के लिए पूरब दिशा के लिए ट्रेन चलाएगी। यह ट्रेन उत्तर प्रदेश, बिहार राज्य के स्टेशनों से गुजरते हुए पश्चिम बंगाल पहुंचेगी। नियमित ट्रेनों में भी अतिरिक्त कोच जोड़े जाएंगे। इससे ट्रेनों में लंबी वेटिंग लिस्ट के बावजूद लोगों को कन्फर्म टिकट मिलेगा। दुर्गा पूजा की वजह से इन दिनों पूरब दिशा जाने वाली सभी नियमित ट्रेन फुल हैं। इसी तरह जम्मूतवी दिशा की तरफ जाने वाली ट्रेन भी खाली नहीं है। इसे ही देखते हुए रेलवे ने कुल 34 स्पेशल ट्रेन चलाने जा रही है। यह ट्रेन कुल 377 फेरे लगाएगी। इनमें पूरब दिशा के लिए 351 फेरे ट्रेन लगाएगी और उत्तर भारत के लिए 26 ट्रेन चलेगी। इसके अलावा 69 ट्रेनों में 152 अतिरिक्त कोच जोड़ा गया है। विशेष ट्रेनों में 1,326 सामान्य श्रेणी, 3,328 स्लीपर और 2,513 एसी कोच जोड़ा गया है। इस तरह से कुल 5,980 कोच में अतिरिक्त यात्री सफर कर सकेंगे। ये सभी ट्रेन समय सारणी के अनुसार चलेंगी।

**राजधानी के साथ स्पेशल वंदे भारत ट्रेनें भी चलेंगी**

रेलवे की योजना है कि जिस तरह पिछले साल डुप्लीकेट राजधानी ट्रेन चलाई गई थी इसी आधार पर स्पेशल वंदे भारत ट्रेन भी त्योहार के दौरान चलाने की



तैयारी है। वंदे भारत ट्रेन के अतिरिक्त कोच को जोड़कर स्पेशल ट्रेन चलेगी। ये ट्रेन लंबी दूरी की नहीं होगी। पांच सौ किलोमीटर की दूरी में ही वंदे भारत ट्रेनें चलाई जाएंगी।

**इन दिशाओं में चलेंगी अधिकतर ट्रेनें**

दिल्ली के मुख्य स्टेशनों से यह ट्रेन पटना, छपरा, जोगवानी, सहरसा, जयनगर, कटिहार, गुवाहाटी, दरभंगा, गोरखपुर, वाराणसी, बरौनी, रक्सौल, मुजफ्फरपुर से जोड़ने के लिए विशेष ट्रेनों की योजना बनाई गई है। इसके अलावा गया, लखनऊ, कोलकाता, श्री माता वैष्णो देवी कटरा, अमृतसर, सहारनपुर और अंबाला के लिए भी चलाई जाएंगी। उत्तर रेलवे 174 यात्राओं वाली 13 विशेष ट्रेनें चला रहा है, जबकि अन्य रेलवे भी पूरे जोन में 203 यात्राओं वाली 21 विशेष ट्रेनें चला रहा है। पूरब दिशा की तरफ जाने वाली ज्यादातर ट्रेन आनंद विहार से रवाना की जाएगी।

**स्टेशनों पर विशेष इंतजाम**

अनारक्षित कोचों में यात्रियों के व्यवस्थित प्रवेश के लिए आरपीएफ कर्मचारियों की देखरेख में टर्मिनल स्टेशनों पर कतार बनाकर भीड़ को नियंत्रित करने के उपाय सुनिश्चित किया गया है। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त आरपीएफ जवानों को तैनात किया गया है। स्टेशनों पर मे आई हेल्प यू बूथ चालू रखे गए हैं जहां यात्रियों की उचित सहायता और मार्गदर्शन के लिए आरपीएफ कार्मिक और टीटीई तैनात हैं। ऐन वक्त पर प्लेटफार्म नहीं बदले यह सुनिश्चित किया जाएगा।

**समीक्षा बैठक की गई**

उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधरी ने उत्तर रेलवे के विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ समीक्षा बैठक की। इसमें त्योहारों को लेकर समीक्षा की गई। इसके साथ ही रेलपथों पर संरक्षा, सुरक्षित परिचालन, ट्रेनों की समयबद्धता पर विचार-विमर्श किया गया।

## औद्योगिक प्रदूषण से निपटने के लिए शुक्रवार से चलेगा अभियान, 66 टीमें की गईं तैनात

**नई दिल्ली।** राजधानी में सर्दी के मौसम में होने वाले वायु प्रदूषण में औद्योगिक प्रदूषण की भी भागीदारी होती है। इससे निपटने के लिए दिल्ली सरकार सख्त हो गई है। औद्योगिक प्रदूषण की रोकथाम के लिए एक महीने तक अभियान चलाया जाएगा, जोकि 20 अक्टूबर से 20 नवंबर तक चलेगा।

इसमें औद्योगिक इकाइयों के निरीक्षण के लिए डीपीसीसी और डीएसआईआईडीसी की 66 टीमों की तैनाती की गई हैं। इस संबंध में बुधवार को दिल्ली सचिवालय में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने समीक्षा बैठक की। उन्होंने बताया कि औद्योगिक अपशिष्ट की डंपिंग की निगरानी के लिए पेट्रोलिंग टीम तैनात की गई है।

**66 टीमें प्रदूषण को रोकने के लिए करेंगी त्वरित कार्रवाई**

राय ने बताया कि सर्दी के मौसम में होने वाले प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए 29



सितंबर को 15 फोकस प्वाइंट पर आधारित विंटर एक्शन प्लान की घोषणा की गई थी।

दिल्ली में वायु प्रदूषण में और सुधार लाने के लिए विंटर एक्शन प्लान के तहत औद्योगिक प्रदूषण पर निगरानी और उसके अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य शुरू हो गया है। यह सभी 66 टीमें औद्योगिक इकाइयों पर निगरानी रखने और उनके द्वारा प्रदूषण को रोकने के लिए त्वरित कदम उठाने का कार्य करेगी। जिसकी रिपोर्ट समय-समय पर पर्यावरण विभाग को भेजी जाएंगी।

**1753 इकाइयों को पीएनजी में किया गया परिवर्तित**

गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली की 1753 पंजीकृत औद्योगिक इकाइयों को पीएनजी में परिवर्तित कर दिया गया है। ऐसे में कोई भी औद्योगिक इकाई पर्यावरण के नियमों का उल्लंघन करती पाई जाती है, तो उस पर संबंधित विभाग द्वारा उचित और सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## टैटू से पहुंचा हत्यारों तक पुलिस का हाथ, जिगिशा के क्रेडिट कार्ड से बदमाशों को ऐसे पकड़ा

**नई दिल्ली।** टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन व बीपीओ कर्मी जिगिशा घोष हत्याकांड में शुरुआत में पुलिस के पास कोई सुराग नहीं था। दोनों ही हत्याकांड का खुलासा पुलिस की पुरानी बीट प्रणाली और दोषियों के हाथ पर बने टैटू से हुआ था। साथ ही गिरोह सरगना रवि कपूर ने जिगिशा घोष के क्रेडिट कार्ड से कपड़ों, चश्मे व अन्य सामान की खरीदारी की थी। यहां पर आरोपी सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गए थे। जिगिशा हत्याकांड में जब पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा तो सौम्या विश्वनाथन हत्याकांड का भी खुलासा हो गया। कड़ी पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया था कि सौम्या की हत्या भी उन्होंने की है।पुरानी बीट प्रणाली से पुलिसिंग करने वाले उस समय वसंत विहार थाने में तैनात सिपाही कप्तान सिंह (अब एएसआई) को फायदा मिला। सरोजनी नगर मार्केट की उस दुकान की जहां से आरोपियों



ने खरीदारी की, सीसीटीवी की फुटेज निकाली गई तो वसंत विहार पुलिस स्टेशन में तैनात सिपाही कप्तान सिंह ने बदमाश बलजीत उर्फ मलिक की फोटो पहचान ली। बलजीत मसूदपुर गांव में रहता है। इसके बाद पुरानी बीट प्रणाली की तर्ज पर इलाके के लोगों से मुखबिरी करवाई गई और बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस अधिकारियों के अनुसार इससे पहले सिपाही कप्तान सिंह मसूद गांव की बीट में तैनात थे। गांव में वह गश्त करने के दौरान सभी से भली भाती परिचित थे।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार बलजीत व उसके भाई की शक्ल मिलती-जुलती थी। ऐसे में दोनों में से आरोपी की पहचान करना संभव नहीं था। सिपाही कप्तान सिंह को पता था कि बलजीत के हाथ पर उसके नाम का टैटू व नाम गुदा है। इसके बाद उसे पकड़ लिया। बलजीत को गिरफ्तार करने के बाद बाकी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। बाकी आरोपियों को डोजियर खंगाला गया था।

# शुक्रवार से खराब श्रेणी में पहुंचेगी की दिल्ली की हवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में हवा संतोषजनक श्रेणी से निकलकर मध्यम श्रेणी में दर्ज की गई। इस दौरान वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 129 दर्ज किया गया, जोकि मध्यम श्रेणी में है। वहीं, मंगलवार के मुकाबले वायु सूचकांक 40 अंक में बढ़ गया। इसके साथ ही न्यू मोती बाग में हवा खराब श्रेणी में रही। यहां एक्यूआई 257 दर्ज किया गया। वहीं, चार इलाकों में हवा संतोषजनक श्रेणी दर्ज की गई। हालांकि, दिल्ली का समग्र रूप से वायु गुणवत्ता मध्यम श्रेणी में रही। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक, बुधवार को हवाएं उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर से चलीं। इस दौरान हवा की गति 8 से 12 किलोमीटर प्रति घंटे से



रही। बृहस्पतिवार को भी हवाएं उत्तर-पश्चिम से उत्तर दिशा से चलने का अनुमान है। इस दौरान हवा की गति 4 से 12 किलोमीटर प्रति घंटे से चलेंगी। हालांकि, शुक्रवार से फिर प्रदूषण लोगों को परेशान करेगा। इस दौरान हवाएं उत्तर-पश्चिम व उत्तर दिशाओं से आएंगी। ऐसे में हवा खराब श्रेणी में पहुंचने की आशंका है। वहीं, हवा की चाल 6 से 14 किलोमीटर प्रतिघंटे रहने का अनुमान है। सफर इंडिया के मुताबिक, बुधवार को दिल्ली में पीएम 2.5 की मात्रा लगभग 55 दर्ज की गई, जोकि अच्छी श्रेणी में है। वहीं, पीएम 10 की मात्रा करीब 132 दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में ग्रेटर नोएडा का सबसे अधिक वायु गुणवत्ता सूचकांक दर्ज किया गया। यहां एक्यूआई 156 रहा। वहीं, फरीदाबाद में 140, नोएडा में 129, गाजियाबाद में 107 एक्यूआई दर्ज किया गया। सीपीसीबी के मुताबिक, दिल्ली में लोदी रोड का सबसे कम वायु सूचकांक दर्ज किया गया। यहां एक्यूआई 89 दर्ज किया गया। वहीं, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के पास 92, शादीपुर व अरविंदो मार्ग का 96 एक्यूआई रहा। इसके साथ ही सबसे अधिक न्यू मोती बाग का सूचकांक 257 दर्ज किया गया। जोकि खराब श्रेणी में है।

## इमारतों को किराये पर देकर राजस्व कमाएगा दिल्ली नगर निगम, द्वारका में बनेगा मिनी सिविक सेंटर

**नई दिल्ली।** खराब आर्थिक स्थिति से जूझ रहे दिल्ली नगर निगम राजस्व बढ़ाने के लिए अपनी इमारतों का उपयोग करने की दिशा में काम कर रहा है। जहां एक ओर निगम का कड़कड़डूमा के पास तीन टावर वाली इमारत बनकर पूरी होने को हैं। तो वहीं दो ओर इमारतों को बनाकर निगम किराये पर देकर राजस्व अर्जित करेगा। कड़कड़डूमा में पूर्व में जोनल इमारत के रूप में रही 12 मंजिल ऊंची है। इसके तीन टावर बन रहे हैं। इन टावरों का किराया कितना हो इसके लिए निगम ने दिल्ली सरकार को पत्र लिखकर राय मांगी है।

**एमसीडी ने दिल्ली सरकार को लिखा पत्र**

दिल्ली नगर निगम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कड़कडडूमा में हमारी इमारत का काम पूरा होने को हैं। ऐसे में उसे किराये पर हम देना चाहते हैं। इसलिए इसका किराय तय करने के लिए हमने दिल्ली सरकार को लिखा है। दिल्ली में MCD का अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ा अभियान, कई साइट्स पर चला बुलडोजर; कई को किया सील इसके बाद हम इस इमारत को सरकारी विभाग या फिर पीएसयू को किराये पर देने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। अधिकारी ने यह भी कहा कि निगम से संबंधित कुछ सेवाएं भी इस इमारत में शुरू करने की योजना है। ताकि लोगों के घर के पास भी कुछ निगम से संबंधित सेवाएं मिल सके।

**किराये राजस्व कमाने की है योजना**

अधिकारी ने बताया कि हमारी योजना प्रगति मैदान के पास भी पूर्वकालिक दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के मुख्यालय के प्रस्तावित इमारत को भी निर्माण के बाद किराये पर देकर राजस्व कमाने की है। इसी प्रकार द्वारका सेक्टर 11 में भी बनने वाले 19 मंजिला इमारत को भी इसी तरह किराये पर देने की योजना है।

इसके निर्माण के लिए पर्यावरण विभाग के बनाने मंजूरी मिल चुकी है। उल्लेखनीय है कि निगम मुख्यालय सिविक सेंटर में भी पांच ब्लाक है। इसमें दो ब्लाक निगम ने आयकर विभाग को पट्टे पर दे रखे हैं। इसी तरह निगम अन्य इमारतों को किराये पर देना चाहता है। दिल्ली में तीनों नगर निगम के पहले अलग-अलग मुख्यालय बनने थे। ऐसे में पूर्व कालिक दक्षिणी निगम प्रगति मैदान के पास अपना मुख्यालय बनाना चाहता था और कड़कड़डूमा के पास पूर्वकालिक पूर्वी निगम का क्षेत्रीय कार्यालय बन रहा था।

निगमों के एकीकरण के बाद अब क्षेत्रीय कार्यालय पूर्वकालिक पूर्वी निगम के पटपड़गंज स्थिति मुख्यालय में स्थानांतरित हो गया है। ऐसे में कड़कड़डूमा की इस इमारत को निगम किराये पर देकर राजस्व अर्जित करेगा। पूर्वी दिल्ली में कोर्ट के पीछे बनी यह इमारत में तीन टावर है। इसमें एक टावर 12 मंजिल है जबकि दूसरा टावर पांच मंजिल का है। यह 7131 वर्गमीटर में बना है।

# निठारी पीड़ितों ने कहा- मोनिंदर-सुरेंद्र कातिल नहीं तो कातिल कौन

**नोएडा।** नोएडा का चर्चित निठारी नरकंकाल कांड के मामले में गिरफ्तार मोनिंदर सिंह पंढेर की आज रिहाई हो सकती है। लुक्सर जेल के सुपरिंटेंडेंट अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि मोनिंदर सिंह की रिहाई के लिए एक मामले में परवाना जेल पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि दूसरे परवाने का इंतजार है। उन्होंने बताया कि अगर आज दूसरा परवाना आ जाता है तो पंधेर को जेल से रिहा कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह परवाना डसना जेल से उनके पास आया है। सीबीआई कोर्ट ने डासना जेल में परवाना भेजा था। उसके बाद डासना जेल से परवाना लुक्सर जेल में आया है। उन्होंने बताया कि मोनिंदर सिंह टीबी की बीमारी से ग्रसित है। जिसके चलते वह डासना जेल से लुक्सर जेल में उपचार के लिए आया है। जिला जेल में टीबी वार्ड में उसका उपचार चल रहा है। बहुचर्चित निठारी कांड में फांसी की सजा पाए मोनिंदर सिंह पंढेर और सुरेंद्र कोली को दोषमुक्त



करार देने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले के बाद पीड़ित परिवारों को अनहोनी की आशंका सताने लगी है। रिहाई के अंदेशे के बीच पीड़ितों के चेहरे पर बृहस्पतिवार को एक डर दिखा। निठारी कांड से संबंधित दस वर्षीय किशोरी ज्योति की मां सुनीता ने कहा कि इंसान अपनी फितरत से कभी बाज नहीं आता है। मोनिंदर और उसका नौकर फिर से वही करेंगे जो उसने 17 साल पहले किया था। महिला ने आशंका जताई है कि जेल से छूटने के बाद वे शायद ही नोएडा की कोठी डी-पांच में रहे। उसने कहा कि अगर वह यहां रहेगा तो पीड़ित परिवार हमेशा डर के साए में रहेंगे। महिला ने कहा कि मोनिंदर की चंडीगढ़, लुधियाना, जालंधर और मुंबई जैसे कई जगहों पर कोठी है। वह जेल से बाहर आते ही जिस कोठी में रहेगा उसी कोठी में बच्चों की हत्या करेगा। अगर वह नोएडा में रहा तो लोग ही उसे मार देंगे। इसके बाद महिला अपनी बेटी को याद कर फूट करके रोने लगी। निठारी कांड में अपने साढ़े तीन साल के बेटे हर्ष को खोने वाले पीड़ित रामकिशन ने कहा कि फैसले के बाद वह आराम से नहीं बैठेंगे। सभी पीड़ितों को एकत्र करेंगे और मामले को फिर से सुप्रीम कोर्ट लेकर जाएंगे।तिल नहीं तो कातिल कौन

# लोगों को लोन दिलवाने का झांसा देकर ठगने वाले कॉल सेंटर का पदार्फाश



संवाददाता

**नोएडा,** । फेज-1 पुलिस और साइबर हेल्पलाइन मुख्यालय की टीम ने बुधवार को सेक्टर-6 में छापा मारकर फर्जी कॉल सेंटर का पदार्फाश कर 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें छह महिलाएं भी हैं। गिरोह में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। आरोपी लोगों को लोन दिलवाने का झांसा देकर ठगी करते थे। वे खुद को बैंक का कर्मचारी बनकर लोगों से संपर्क करते थे। एडिशनल डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि सेक्टर-6 के सी ब्लॉक में चल रहे कॉल सेंटर के जरिए लोगों को लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने की सूचना मिली थी। ऐसी शिकायतें पूर्व में भी मिल रही थीं। इस पर पुलिस ने छापा मारकर हसीन, विकास, राजेश, आशीष, वारिस अली, सोहिल, सलमान, आशुतोष, निशा, सुगरा फातिमा, सुरभि, ट्विंकल, कुसुम, खुशबू आदि को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से छह कीपैड मोबाइल फोन, चार स्मार्ट मोबाइल, 74 सेट कॉलिंग डाटा, 11 लाख रुपये बरामद किए। पुलिस के अनुसार आरोपी हसीन गिरोह का सरगना है। वह पहले इंश्योरेंस कंपनी में काम करता था। नौकरी छोड़ने के बाद वह वहां से कस्टमर का डाटा अपने साथ ले आया। आरोपी हसीन ने बेरोजगार युवकों को दस से 15 हजार रुपये की नौकरी पर रखा था। ठगी का एक हिस्सा भी बतौर कमीशन कर्मचारियों को सरगना की ओर से दिया जाता था। ठगी के लिए आरोपियों ने कई जगह एजेंट भी बना रखे थे, जो इन्हें ग्राहक मुहैया कराते थे। पुलिस के मुताबिक गिरोह के आरोपी अब तक सैकड़ों लोगों को करोड़ों रुपये का नुकसान पहुंचा चुके हैं। कितने लोगों के साथ आरोपियों ने कितनी ठगी की है, इसकी जानकारी की जा रही है। आरोपियों के कब्जे से बरामद मोबाइल और कॉलिंग डाटा की भी जांच की जा रही है। नोएडा समेत पश्चिमी यूपी के लोग गिरोह के निशाने पर होते थे। पूर्व में भी थाना क्षेत्र में ऐसा गिरोह पकड़ा जा चुका है।

## एलिवेटेड रोड पर फायर गन के साथ कपल ने किया डांस, आसपास निकल रही थी गाड़ियां



संवाददाता

**नोएडा,** । सड़कों पर रील बनाने का फितूर युवाओं के दिमाग से निकल नहीं रहा है। वो रील बनाने के चक्कर में खुद और दूसरों की जान जोखिम में डालते नजर आते हैं। ताजा मामला नोएडा के एलिवेटेड रोड का सामने आया है। सामने आए वीडियो के मुताबिक एलिवेटेड रोड पर एक कपल फायर गन के साथ सेलिब्रेशन और डांस करता दिखाई दे रहा है। 31 सेकेंड के वीडियो में कपल गाड़ी के सामने खड़े होकर डांस करता हुआ दिखाई दे रहा है। युवती के हाथ में एक फायर गन है। जिसमें से अनार जैसी फुलझड़ी निकल रही है। जिसे युवती सड़क पर चारों ओर घुमाती दिख रही है। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि सड़क पर कई लोग भी गुजर रहे थे। लेकिन, इससे बेपरवाह दोनों चारों ओर फायर गन को घुमा रहे थे। इस सड़क पर पहले भी कई भीषण हादसे हो चुके हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस वीडियो पर लोगों ने नोएडा पुलिस से कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद लोगों ने ट्वीट करके पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। वीडियो नोएडा के एलिवेटड रोड का बताया जा रहा है। हालांकि, नोएडा पुलिस की तरफ से इसकी पुष्टि नहीं की गई है। फिलहाल, पुलिस वायरल वीडियो और सीसीटीवी की मदद से आरोपी कपल की तलाश कर रही है।

## पुरानी गाड़ी चला रहे हैं तो हो सकती है परेशानी, प्रदूषण को लेकर नोएडा पुलिस का अभियान शुरू



**नोएडा,** । नोएडा-दिल्ली-एनसीआर के लोग सचेत हो जाएं। नोएडा पुलिस ने 17 अक्टूबर से 15 दिन के लिए एक अभियान शुरू किया है। इसमें प्रदूषण से संबंधित ग्रैप के नियमों का पालन न करने वाले वाहनों का भारी भरकम चालान काटा जाएगा। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के आदेश जारी करने के बाद सभी जगह पर अब ट्रैफिक पुलिस के साथ- साथ आम पुलिस भी इस अभियान में जुट जायेगी। इसमें 10 साल से पुरानी डीजल की और 15 साल से पुरानी पेट्रोल की गाडियां का चालान काटा जाएगा। साथ ही साथ जिन गाड़ियों का पॉल्यूशन सर्टिफिकेट पूरा नहीं होगा उन्हें भी भारी जुमार्ना भरना पड़ेगा। एनसीआर में संशोधित ग्रेडेड रिस्पान्स एक्शन प्लान (ग्रैप) के निर्देशों का सख्ती से पालन करवाया जायेगा। नोएडा पुलिस कॉमिस्नरेट में एक 15 दिवसीय अभियान चलाया जा रहा है जो 17 अक्टूबर से शुरू होगा। वाहनों की चेकिंग के साथ पराली जलाने एवं अन्य वायु प्रदुषण फेलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। ग्रैप के नियमों का पालन करवाने के लिया सहायक पुलिस आयुक्त, यातायात प्रथम एवं द्वितीय के पर्यवेक्षण में यातायात निरीक्षक के नेतृत्व में छह टीमों का गठन किया गया है। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में जोन स्तर पर भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## माता कुसमांडा के स्वरूप की सुबह वा रात्रि आरती के बाद दिव्य मनमोहक रामलीला प्रस्तुति




संवाददाता

**गौतमबुद्धनगर।** नवरात्रा सेवक दल (NSD) द्वारा संचालित 83ँ विशाल नवरात्र महोत्सव/चतुर्थ रामलीला महोत्सव 2023 में चौथे दिन माता कुसमांडा के स्वरूप की सुबह वा रात्रि आरती के बाद दिव्य मनमोहक रामलीला प्रस्तुति में आज माता कैकेई,दशरथ जी संवाद,माता कैकेई भरत संवाद हुआ जिसका मंचन और प्रस्तुति देख पंचशील ग्रीन निवासी भावभीबोर हुए और अद्भुत मंचन को देखकर सभी बाल कलाकारों का भारी जनसमूह में पहुंचकर उत्साह वर्धन किया।अयोजन को सफल बनाने के लिए नवरात्र सेवक दल की पूरी टीम ने भरपूर मेहनत की जिसके परिणाम स्वरूप परिसर में खुशी का माहौल फैल रहा है और लोग आनंदित होकर माता रानी के आशीर्वाद और प्रभु श्रीराम की कृपा से अपने आपको प्रकाशमान ऊर्जा के रूप में नवरात्र सेवक दल द्वारा संकल्पित आयोजन 10 दिन 10 उत्सव का आनंद ले रहे है।

## दादरी रामलीला में सर्व प्रथम श्री राम- लक्ष्मण- सीता जी वन को चले जाते हैं







संवाददाता

**गौतमबुद्धनगर ।** दादरी के अग्रसेन इण्टर कॉलेज प्रांगण में चल रही रामलीला में सर्व प्रथम श्री राम- लक्ष्मण- सीता जी वन को चले जाते हैं आगे निषादराज से भेट होती है फिर तमसा किनारे केवट से नाव गंगा पार करने के लिए माँगते है ।बड़ा सुंदर श्री राम-केवट प्रसंग का मंचन होता है गंगा पार होने के बाद श्री राम माता सीता द्वारा दी गई अँगूठी देते है लेकिन केवट ने उतराई में कुछ नहीं लिया उसके बाद प्रभु श्री राम भारद्वाज के आश्रम में जाते हैं ।इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष पवन बंसल ,महामंत्री केशव गोयल, राजीव गर्ग वेदन शर्मा चन्द्रभान वशिष्ठ संजीव गर्ग वरुण नागर आदि मौजूद रहे ।आज के यजमान श्री सुनील शर्मा , श्री कपिल शर्मा ने भगवान का पूजन कर लीला का शुभारंभ किया।

संक्षिप्त डायरी

## पॉलिटेक्निक कॉलेजों में भी इन्क्यूबेशन सेंटर बनेंगे



संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा,** । डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक तकनीकी विश्वविद्यालय (एकेटीयू) अब पॉलिटेक्निक कॉलेजों में इन्क्यूबेशन सेंटर की स्थापना करने जा रहा है। अभी तक विश्वविद्यालय के प्रदेशभर के विभिन्न संस्थानों में 62 इन्क्युबेशन सेंटर हैं। जहां नवाचार और उद्यमिता में रूचि रखने वाले छात्रों की सहायता की जाती है। बुधवार को विश्वविद्यालय ने पॉलिटेक्निक कॉलेजों के प्रधानाचार्य से मिलकर कॉलेजों में सेंटर स्थापन की रूप रेखा तैयार की। किस प्रकार इनोवेशन हब सेंटर छात्रों का सहयोग करेगा, साथ ही स्टार्टअप को मिलने वाली सुविधाओं, वित्तीय मदद, योजना के बारे में कॉलेज प्रबंधन को बताया गया। वहीं विश्वविद्यालय के 90 छात्र-छात्राओं का चयन कैंमस प्लेसमेंट के जरिये मल्टीनेशनल कंपनी इंफोसिस में हुआ है। कंपनी ने ऑनलाइन माध्यम से इन छात्रों को कई राउंड की चयन प्रक्रिया के बाद चुना। छात्रों को प्रीप्लेसमेंट टाक, ग्रुप डिस्कशन, टेक्निकल टेस्ट देना पड़ा। छात्रों का चयन सॉफ्टवेयर प्रोग्रामर के पद पर 9 लाख 50 हजार रुपए सालाना के पैकेज पर हुआ है।

## जिले में डेंगू के 17 नए रोगियों की पुष्टिं



**नोएडा,** । जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। बुधवार को डेंगू के 17 नए रोगियों की पुष्टि हुई। इसी के साथ डेंगू रोगियों की संख्या बढ़कर 775 हो गई है। जिला मलेरिया विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक इनमें से किसी भी रोगी की हालत गंभीर नहीं है। जिला मलेरिया अधिकारी श्रुति कीर्ति वर्मा ने कहा कि जिन स्थानों पर मच्छर जनित स्थान या लार्वा मिल रहा है, वहां पर नोटिस जारी किए जा रहे हैं। अब तक 150 से अधिक लोगों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। वहीं, 65500 रुपये जुमार्ना किया जा चुका है। जुमार्ना उन लोगों को किया जा रहा है, जिनके स्थान पर दोबारा मच्छर जनित जगह या लार्वा मिला है। उन्होंने कहा कि इस सीजन में डेंगू पीड़ित एक महिला मरीज की मौत हुई है। मरीज सेक्टर-122 की रहने वाली थी। पहले उनका इलाज सेक्टर 39 स्थित जिला अस्पताल में हुआ था और वहां से परिजन उन्हें सेक्टर 27 स्थित निजी अस्पताल में लेकर गए थे। फेलिक्स अस्पताल के निदेशक डॉ.डीके गुप्ता ने कहा कि लोग मच्छरों से खुद का बचाव करें। घर में पानी को ढककर रखें। घर के आसपास पानी जमा न होने दे। सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। पूरी बांह की शर्ट और पैंट पहने। कूलर को हफ्ते में एक बार जरूर साफ करें। कूलर के पानी में कैरोसीन के तेल की कुछ बूंद डाल दें। डेंगू के लक्षण होने पर डॉक्टर से संपर्क करें।

## सलाम नमस्ते में युवा फॉर स्वच्छता कार्यक्रम



**नोएडा,** । सेक्टर-62 आईएमएस कॉलेज के सामुदायिक रेडियो सलाम नमस्ते में बुधवार को युवा फॉर स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्यातिथि नोएडा प्राधिकरण जन स्वास्थ्य विभाग के डीजीएम एसपी सिंह ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। छात्रों को स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के लिए जागरूक किया गया। स्टेशन हेड बर्षा छबारिया ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में नोएडा को अव्वल स्थान दिलाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। स्थानीय युवाओं की अधिकतम भागीदारी एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक प्रयास से ही यह संभव हो पाएगा। शहर को गार्बेज फ्री सिटी बनाने के लिए भी युवाओं को प्रेरित किया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतिस्पर्धा का भी आयोजन हुआ। जिसमें रिया ढींगरा, रिया चौधरी एवं कोशिश चौहान को सम्मानित किया गया।

## छात्र के अपहरण का आरोप



संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा,** । स्कूल में पढ़ने वाला नौवीं कक्षा का छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। परिजनों ने दो सहपाठियों पर उसका अपहरण करने का आरोप लगाया है। छात्र की मां ने इस मामले में मुकदमा दर्ज करवाया है। सेक्टर चाई-3 में रहने वाली भावना ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा स्कूल में नौवीं कक्षा का छात्र है। वह रोजाना की तरह मंगलवार को स्कूल गया था, लेकिन वह स्कूल नहीं पहुंचा और अपने दो सहपाठियों के साथ बाहर चला गया। आरोप है कि दोनों लड़कों से पूर्व में छात्र का झगड़ा हुआ था। उन्होंने बेटे को फोन किया तो उसने बताया कि वह अपने दोनों साथियों के साथ है। छात्र की मां को आशंका है कि आरोपियों ने उसके बेटे का अपहरण कर लिया है। छात्र की मां ने दोनों आरोपियों के खिलाफ बीटा दो कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाया है। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा का कहना है कि छात्र के अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा छात्र की तलाश की जा रही है। छात्र को सकुशल बरामद किया जाएगा।

## महिला उन्नति संस्था द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत चलाये जा रहे नौ दिवसीय जागरुकता अभियान





संवाददाता

**गौतमबुद्धनगर ।** नारी शक्ति को समर्पित ≈नवरात्र≈ के अवसर पर सामाजिक संगठन महिला उन्नति संस्था द्वारा #मिशन शक्ति# के अन्तर्गत चलाये जा रहे #नौ दिवसीय जागरूकता अभियान जिला गौतम बुध नगर# में आज महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम सदरपुर कॉलोनी, सेक्टर 45, नोएडा, जिला अध्यक्ष रेनू वाला शर्मा की अध्यक्षता एवं नोएडा महानगर इकाई द्वारा नोएडा महानगर की अध्यक्ष, कविता सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ । रेनू बाला शर्मा ने महिलाओं को उनके अधिकार और सरकार की योजनाओं को अधिक से अधिक लाभ लेना है एवं औरों को भी जागरूक करना है ।कविता सिंह ने सोशल मीडिया के द्वारा हो रहे फ्रॉड के बारे में जागरूक किया एवं शिक्षा का महत्व भी बताया ।पुलिस कर्मी अंतिम चौधरी ने महिलाओं और बच्चियों को स्कूल कॉलेज आते जाते समय कोई पीछा कर रहा है, या छेड़ रहा है, आपको तुरंत ,परिवारजन, शिक्षको, आसपास को बताए, जरूरत पड़े तो पुलिस की सहायता के लिए हेल्प लाइन 112, 181 और 1090 डायल करे । पुलिस हमेशा आप की मदद के लिए तत्पर है ।इस कार्यक्रम में संस्था के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे ।

# सफीदों में धान की खरीद-बिक्री पर लगेगा एक-एक लाख जुर्माना

**सफीदों।** स्थानीय अनाज मंडी में मंडी के कच्चा आढ़तियों व पक्का आढ़तियों (खरीदारों) की बैठक हुई जिसमें व्यापारियों ने निर्णय लिया कि जब तक धान खरीद की हड़ताल है, मंडी से किसी ने धान की खरीद व बिक्री की तो उन पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। सफीदों राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रधान सुभाष जैन की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में अनाज मंडी के कच्चा आढ़ती संघ के प्रधान कृष्ण गोपाल सहित अनेक कच्चा आढ़ती व कई निर्यातकों के लिए धान की खरीद को अधिकृत व्यापारी शामिल थे। सुभाष जैन ने बताया कि बुधवार को सुबह धान की पांच-दस ढेरियां किन्हीं लोगों ने खरीद ली जिसकी सूचना पर तत्काल आर्य ट्रेडिंग कंपनी की दुकान में व्यापारियों की बैठक बुलाई गई।

इस बैठक में सुबह खरीदने-बेचने वालों को माफ कर दिया गया और फैसला लिया गया कि किसी ने धान की खरीद की तो खरीदने व बेचने वाले, दोनों पर एक-एक लाख रुपये जुर्माना लगाया जाएगा। मंडी में खरीद तो पूरी तरह बंद है ही, आवक भी बंद हो गई है। हड़ताल के अलावा इसका कारण बारिश के कारण कटाई काम रुकना भी है।



स्थानीय मार्केट कमेटी प्रशासन ने किसानों से आग्रह किया गया है कि वे धान को अभी नहीं, पूरी तरह सुखाकर ही मंडी में लाएं।

**900 से 950 डॉलर प्रति टन है चावल का भाव**

राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रधान सुभाष जैन ने बताया कि इस समय बासमती धान का ऑन बोर्ड मूल्य 900 से 950 डॉलर प्रति टन है और क्योंकि सरकार ने 1200 डॉलर प्रति टन से ऊपर के भाव के धान को ही ड्यूटी-फ्री किया है। इस पर निर्यातक ऐतराज कर रहे हैं और 1200 की बजाय यह भाव 850 डॉलर प्रति टन करने की मांग कर रहे हैं।

**जल्द समाधान नहीं हुआ तो भारी घाटे में जाएगा किसान**

किसान नेता धर्मगढ़ के सरपंच सरदार अजीतपाल सिंह चट्ठा ने कहा कि यह शुल्क और निर्यात पर प्रतिबंध सरकार व व्यापारियों के मसले हैं। सरकार को चाहिए कि ऐसी स्थिति में किसान की दुर्गति ना करे। सरदार चट्ठा ने कहा कि खरीदारों की हड़ताल है, मंडी प्रशासन कह रहा है कि धान मंडी में मत लेकर आओ। ऐसे में किसान क्या करे? उन्होंने कहा कि दो दिन में कटाई जोर पकड़ने वाली है। किसान धान की कटाई करके उसे कहां डालेगा जबकि गेहूं की बिजाई का सीजन भी शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार किसान पर रहम करे और ऐसी समस्याओं का शीघ्र समाधान करके मंडियों में धान की खरीद व किसान को धान का पूरा भाव दिलाना सुनिश्चित करे।

**किसानों ने मांगा फसली नुकसान का मुआवजा**

सफीदों उपमंडल के गांव मुआना, सिंघाना, बेरीखेड़ा, जामनी, अमरावली खेड़ा व रिटौली गांवों के किसान बुधवार को पूर्व विधायक जसबीर देशवाल के नेतृत्व में नगर के मिनी सचिवालय पहुंचे और प्रशासन से बेमौसमी बारिश व ओलावृष्टि से फसलों में हुए नुकसान के लिए मुआवजे की मांग की। एसडीएम मनीष फोगाट किसी ट्रेनिंग पर गए बताए गए। इस मौके पर पूर्व विधायक जसबीर देशवाल ने फोन पर एसडीएम मनीष फोगाट से बात की। उनसे हुई बात के हवाले से पूर्व विधायक ने बताया कि एसडीएम ने उन्हे प्रभावित गांवों में पटवारी भेजकर विशेष गिरदावरी करवाने का आश्वासन दिया है। वहां किसानों में हेमराज राणा, शिवकेश शर्मा, प्रदीप, राममेहर व सुभाष ने बताया कि बेमौसमी बारिश व ओलावृष्टि के कारण धान की फसलों में भारी नुकसान हो चुका है।

## ऑल इंडिया इमाम आर्गेनाइजेशन के प्रमुख उमेर अहमद इलियासी से मिले स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र



**करनाल।** सांस्कृतिक एकता और विकासवादी नीतियों को आगे बढ़ाने के लिए स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने हिंदू मुस्लिम संस्कृति के महान पुरोधा राष्ट्रीय गौरव आल इंडिया इमाम ऑर्गनाइजेशन के चीफ इमाम डॉ उमेर अहमद इलियासी से नई दिल्ली में मुलाकात की। उनका आशीर्वाद लेते हुए सुभाष चन्द्र ने उमेर अहमद इलियासी को भारत की सांस्कृतिक एकता और अखंडता का दूत बताया। उन्होंने कहा कि इमाम साहब भारत की गंगा जमुनी तहजीब के ऐसे अद्वितीय प्रहरी है जो भारत को विश्व गुरु और दुनिया का मार्गदर्शक बनाने में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। देश और विदेश के बड़े मंचो पर ये भारत के गौरव को बढ़ाने की सदैव पैरवी करते है। उनका मानना है कि भारत में ही वो ताकत है जो दुनियां को राह दिखा सकता है। इस मौके पर युवाओं से अपील करते हुए श्री इलियासी ने कहा कि भारत एक युवा देश है इस देश का युवा जब जब भी खड़ा हुआ है तब तब ही बदलाव आया है। आज युवा को देश के उत्थान में अपनी भुमिका सुनिश्चित करनी होगी। हमे भगत सिंह और असफाख उल्लाह खां को नही भूलना चाहिए। भारतीय परंपरा व संस्कृति प्राचीनतम पद्धति है जो सबके भले का संदेश देती है। अमृत काल के इस समय मे हमे राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुनिश्चित करना ही होगा क्योंकि पुरी दुनिया हमारी ओर एक आशा भरी नज़र से देख रही है। उन्होंने कहा कि आज देश में अनुकूल वातावरण है और आज का भारत एक सशक्त , स्मार्ट, डिजिटल , समृद्ध और स्वच्छ भारत हैं। आज देश की बागड़ोर भी एक ऐसे व्यक्तित्व के हाथ में सुरक्षित है जो जाति पाती वर्ग भेद से ऊपर उठकर सबका साथ और सबके विकास की बात करते हैं। उमेर अहमद इलियासी ने सुभाष चन्द्र से चर्चा के दौरान कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी एक संत ही है जो पुरे हरियाणा को अपना परिवार मानकर दिन रात प्रदेश को आगे बढ़ाने में लगे हुए हैं। हरियाणा की मनोहर सरकार सामाजिक सरोकारों की सरकार है।

इस दौरान उनके साथ डॉ कुलदीप सिंह आर्य, बलजीत सिंह जागलान, नरेश कुमार मंडोरी, उमेश कुमार और राजीव मंगलम भी साथ रहे।

## भोलानाथ राइस मिल की खरीद निलंबित

**करनाल।** उपायुक्त अनीश यादव ने बुधवार को धान खरीद में गड़बड़ी करने के मामले में तुरंत कार्रवाही करते हुए मैसर्ज भोलानाथ राइस मिल जुंडला की खरीद निलंबित करने के आदेश दिए है और ट्रांसपोर्टर मैसर्ज नरवाल ट्रांसपोर्ट कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

उपायुक्त ने बताया कि यह कार्रवाही बल्ला मंडी से खरीदी गई 305 किवंटल 62 किलोग्राम धान (815बैग)जोकि गाड़ी नंबर एचआर45सी 1486 में 15 अक्तूबर सायं 7 बजकर 21 मिनट पर सब-यार्ड बल्ला से बाहर निकलने बाद मैसर्ज भोलानाथ राइस मिल में न पहुंचकर सब-यार्ड बल्ला में 16 अक्तूबर रात्रि 1 बजकर 15 मिनट पर पुन~ दाखिल हुई। मैसर्ज भोलानाथ राइस मिल द्वारा 16 अक्तूबर को प्रात~ 8 बजकर 42 मिनट पर ई-खरीद पोर्टल के माध्यम से उक्त गाड़ी नंबर को इन्वार्ड की गई जबकि यह गाड़ी उस समय भी बल्ला मंडी में खड़ी थी। मामले की सूचना सचिव मार्किट कमेटी असंध दिनेश कुमार द्वारा तुरंत जिला प्रशासन को दी गई। इस पर कार्रवाही करते हुए जिला प्रशासन ने मैसर्ज भोलानाथ राइस मिल की खरीद निलंबित करने के आदेश जारी किए है तथा संबंधित ट्रांसपोर्टर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उपायुक्त ने बताया कि इस मामले में एसडीएम असंध वीरेंद्र ढुल द्वारा जांच की जा रही है।

## चिकित्सको ने 7 टीबी मरीजो को लिया गोद, मरीज को वितरित किए प्रोटीन युक्त खादय पदार्थ

**करनाल।** उप सिविल सर्जन (टीबी) डा. सिम्मी कपूर ने बताया कि टीबी रोगियों को सामुदायिक सहायता प्रदान करने के अंतर्गत टीबी के मरीजों को गोद लेने की कड़ी में आरएमओ डा. सतविन्दर, अतिरिक्त वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. प्रदीप सिंह, चिकित्सा अधिकारी डा. मनीष, चिकित्सा अधिकारी डा. मीनाक्षी, चिकित्सा अधिकारी डा. मिथलेश यादव, चिकित्सा अधिकारी डा. दीपक गोयल तथा डीपीसी कमल द्वारा कुल 7 टीबी के मरीजों को गोद लिया गया। इस अवसर पर टीबी के मरीजों को प्रोटीन युक्त खादय पदार्थ वितरित किये गए। उन्होंने बताया कि वर्तमान में करनाल जिले में 2400 टीबी के मरीजों का इलाज चल रहा है जिनको गोद लेकर प्रोटीन युक्त खादय पदार्थ वितरित किये जाने है। जिसके लिए समाज सेवी संस्थाओं से अपील है कि वह इस मुहीम में अपना योगदान दें ताकि टी?बी? मुक्त भारत के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। उप-सिविल सर्जन ने आमजन से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति में टी?बी? के लक्षण पाए जाते है तो वह नजदीक स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर जाचं व ईलाज करवाएं। सभी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर टीबी से सम्बधित जाचॅ व ईलाज मुफत में किया जाता है। इसलिए इसके लिए मरीजों को जागरूक करना बहुत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा टी?बी? को नोटिफाइबल डिजिज घोषित किया गया है, जिसके अन्तर्गत सभी प्राईवेट हस्पतालोंध्क्लीनिक एवं लैब को टी?बी? के केसिज को रिपोर्ट करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जिला करनाल में 6 क्षय रोग विभाग हैं तथा 15 जगह बलगम के जांच केन्द्र हैं जहां पर मरीजों के बलगम की निःशुल्क जांच की जाती है । भारत सरकार द्वारा निक्षय पोषण योजना के अन्तर्गत टी?बी? मरीजों को पोषण हेतु 500 रुपये प्रतिमाह देने का प्रावधान किया गया है । एनटीईपी के अन्तर्गत नये टी?बी? मरीजों की सूचना देने तथा उनकी बलगम की जांच करवाने उपरान्त टी?बी? पाये जाने पर सूचना देने वाले को 500 रुपये प्रति मरीज देने का प्रावधान है । उपरोक्त अभियान को सफल बनाने में श्रीमति स्नेह पीपीएम, कमल डीपीसी व पूरे स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## बाल महोत्सव पहुचा रोमांचक मुकाबले पर, लड़कियों ने दिखाया दमखम

**पानीपत।** पानीपत बाल भवन में चल रहा बाल महोत्सव रोमांचक मोड़ पर आ चुका है। चौथे दिन शहरी विधायक की धर्मपत्नी समाजसेविका नीरू विज मुख्यतिथि के तौर पर बच्चो की हौसलाफजाई करने पानीपत पहुँची।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी ने की। बच्चो ने सोलो डांस , क्विज कॉम्पिटिशन।बेस्ट ड्रामेबाज हैंडराइटिंग में दमखम दिखाया। चार सौ बच्चो ने प्रतियोगिता में भाग लिया। बच्चो की प्रस्तुति देख नीरू विज ने कहा कि प्रतियोगिता में लड़कियों की संख्या अधिक है और लड़कियों ने जो प्रतिभा दिखाई उससे साबित होता है बेटियां किसी भी क्षेत्र में कम नही है। और बेटियां खुद को मंच पर साबित कर रही है।नीरू विज ने कार्यक्रम आयोजन को लेकर जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी की प्रसंशा की।





**जोनल में जाने के लिए बच्चे जी जान लगा रहे है-रितु राठी**

जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी ने बताया कि मुकाबला रोमांचक मोड़ पर आ पहुंचा है और अब जोनल मुकाबले में जाने के लिए बच्चों जी जान लगा रहे हैं। जहां पर बच्चों का सिलेक्शन करना मुश्किल हो रहा है ।लेकिन उन्हें खुशी है की बेहतरीन प्रतिभाशाली बच्चे ही अगले लेवल में जाकर पानीपत का नाम रोशन करेंगे।

**अलिफ लैला नाटक में जिन बने एक्टर दयाल सिंह पहुँचे जजमेंट देने**

बाल महोत्सव में अबकी बार हरियाणा से लेकर बॉलीवुड तक की हस्ती जजमेंट कर रही है। बेस्ट ड्रामेबाज को जजमेंट देने के लिए मशहूर सीरियल अलिफ लैला में जिन का किरदार निभाने वाले एक्टर दयाल सिंह मुंबई एक्टर राजेश पांचाल पहुँचे।वही डांस में मुम्बई से राहुल चरनालियां गौरव धवन लक्ष्मी वशिष्ठ रमनदीप डांस में जजमेंट दे रही। क्विज में पवन सुरेंद्र राकेश जजमेंट दे रहे है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यक्रम अधिकारी अमित लेखा सहायक सुदेश बाल भवन सदस्य मनप्रीत बाल भवन स्टाफ मौजूद रहा।

## रूमानियत से रूहानियत तक एक गजल और संगीत संध्या 21 को

**करनाल।** हरियाणा इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स (हिफा) द्वारा रूमानियत से रूहानियत तक एक गजल और संगीत संध्या का आयोजन 21 अक्तूबर को शाम 6 बजे सेक्टर-32 स्थित नूरमहल करनाल में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में देश की मशहूर गायिका डा. राधिका चोपड़ा अपने स्वरों का जादू बिखरेंगी। यह जानकारी हिफा के प्रमुख डा. पीयूष कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि डा. राधिका चोपड़ा दिल्ली की अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त एक गजल मशहूर ग़ज़ल गायिका हैं, जिनके पास भारतीय शास्त्रीय संगीत में डॉक्टरेट की उपाधि है। जम्मू में जन्मी व भारत के मुकुट का एक दुर्लभ रत्न हैं। उन्होंने जम्मू के सरकारी महिला कॉलेज से स्नातक की उपाधि प्राप्त की, जिसके बाद वह हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत में स्नातकोत्तर के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के संगीत और ललित कला संकाय में शामिल हो गईं। उन्होंने बताया कि डा. राधिका चोपड़ा को हार्मनी कल्चरल फाउंडेशन द्वारा प्रस्तुत हार्मनी इंडिया अवार्ड 2020, रेस्पेक्ट इंडिया फाउंडेशन द्वारा प्रस्तुत प्राइड ऑफ नेशन एक्सीलेंस अवार्ड 2019, आर्ट करात अवार्ड फॉर एक्सीलेंस 2018 प्राप्त हुआ और हाल ही में उन्हें संगीत के लिए उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। रोटरी क्लब, बैंगलोर द्वारा। राधिका चोपड़ा ने भारत के सभी प्रमुख संगीत समारोहों में प्रदर्शन किया है, जैसे जहान-ए-खुसरो, जश्न-ए-रेख्ता, जश्न-ए-अदब, जश्न-ए-उर्दू, गज़ल बहार एमटीवी इंडिया म्यूजिक समिट दुर्गियाना फेस्टिवल संबंधित राज्य सरकारों द्वारा म्यूजिक फेस्टिवल आदि कुछ नाम हैं। डा. चोपड़ा की उत्कृष्टता और चालाकी, उनकी कुरकुरी और स्पष्ट आवाज, साथ ही हिंदी और उर्दू दोनों भाषाओं में उनकी त्रुटिहीन शैली ने



दुनिया भर के समझदार श्रोताओं से उनकी प्रशंसा हासिल की है। हिफा के प्रमुख डा. पीयूष कुमार ने बताया कि हिफा नोर्थ इंडिया की 30 साल से भी पुरानी संस्था है। हिफा अब तक देश भर में विभिन्न कला संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर चुकी है। उन्होंने बताया कि हिफा ने कर्म सम्मान, हॉस्य कवि सम्मेलन के साथ-साथ कला प्रदर्शनी भी देशभर में आयोजित करती रही है। उन्होंने बताया कि हाल ही में हिफा के नए ट्रस्टी बनाए गए है। जिनमें डा. ज्योति गुप्ता, कर्नल मनबीर चौधरी, शक्ति रानी शर्मा एवं श्री देवेन्द्र पारिख है। वहीं हिफा कार्यकारिणी का भी गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा के साथ-साथ विभिन्न गणमान्य लोग शामिल होंगे।कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क पर निमंत्रण पत्रों के साथ होगा , जो की करनाल क्लब , होटल ज्वेल्स एवं सिंघल चिल्ड्रेन एवं मैटरनिटी अस्पताल, सेक्टर 12 पेट्रोल पंप के सामने उपलब्ध होंगे ।

## वार्ड 16 की न्यू शिवाजी कॉलोनी व वाल्मिकी बस्ती की गलियों का होगा निर्माण

**करनाल।** महापौर रेनू बाला गुप्ता ने बुधवार को शहर के वार्ड नम्बर 16 की न्यू शिवाजी कॉलोनी में अनुमानित 47 लाख रुपये के दो विकास कार्यों का शुभारम्भ वहीं के एक वरिष्ठ नागरिक के हाथों करवाया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद रजनी परोचा, नगर निगम की कार्यकारी अभियंता प्रियंका सैनी तथा कनिष्ठ अभियंता राज कुमार मौजूद रहे। महापौर ने विकास कार्यों की जानकारी देते बताया कि न्यू शिवाजी कॉलोनी में एस.पी.एस. कॉन्वेंट स्कूल के नजदीक मुख्य गली व उसके साथ लगती गलियों का निर्माण करवाया जाएगा। गली का निर्माण इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक (आई.पी.बी.) टाईलों से किया जाएगा और इस कार्य पर अनुमानित 28 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। आगामी 3 माह में गलियों का निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि इसी वार्ड की वाल्मिकी बस्ती में मूनक रोड से बस्ती के सामुदायिक केन्द्र को जाने वाली गली को रिलेयिंग करके दुरूस्त किया जाएगा और जहां नई आई.पी.बी. टाईलों की जरूरत होगी, वहां नई लगाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि इस गली में सीवर लाईन डलने के पश्चात यह उबड़-खाबड़ हो गई थी, जिसके कारण यहां के निवासियों को आने-जाने में समस्या उत्पन्न हो रही थी। अब इसे अच्छे से दुरूस्त कर सुदृढ़ किया जाएगा, ताकि उनकी समस्या का हल किया जा सके। मेयर ने बताया कि



इस कार्य को पूर्ण करने में भी 3 माह का समय लिया गया है, परंतु इसे जल्द से जल्द करवाने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि इस कार्य पर 19 लाख रुपये खर्च आने का अनुमान है। मेयर ने मौके पर मौजूद निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि गलियों का निर्माण गुणवत्तापूर्वक करवाया जाए, किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने जेई को निर्देश दिए कि वह कार्य पर अपनी निगरानी बनाकर रखें और इसे समय पर पूरा करवाएं, ताकि वार्ड वासियों को इसका लाभ पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि आई.पी.बी. टाईलें लगाने से पहले मजबूत गटका बिछाया जाए, ताकि गलियां लंबे समय तक ठीक अवस्था में बनी रही और नागरिकों का आवागमन सुगम बना रहे। महापौर ने शुभारंभ अवसर के पश्चात नागरिकों को सम्बोधित करते कहा कि हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जी के कुशल नेतृत्व में करनाल ही नहीं, बल्कि प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान हरियाणा सरकार के कार्यकाल में पूरे प्रदेश का एक समान विकास किया जा रहा है। मेयर ने कहा कि नागरिकों की सुविधाओं को देखते हुए प्रदेश में अनेक बड़े-बड़े प्रोजेक्ट निर्माणाधीन हैं। रोड नेटवर्क को मजबूत किया जा रहा है। अमृत परियोजना के तहत सीवरेज और स्टोरम वाटर नेटवर्क को भविष्य की जनसंख्या के आधार पर मजबूत करने का काम किया जा रहा है। इसके साथ-साथ नागरिकों को स्वच्छ पेयजल मुहैया करवाने के लिए पुरानी पाईप लाईनो को बदलने या मरम्मत योग्य लाईनो को दुरूस्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को उनकी मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जा रही है।

## फव्वारा विधि सिंचाई से किसान कर सकते हैं 50 प्रतिशत तक पानी की बचत-हरिदेव कंबोज



**करनाल।** सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा के कार्यकारी अभियंता हरिदेव कंबोज की अध्यक्षता में निसिंग खंड के गांव शाहपुर में सूक्ष्म सिचाई जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फव्वारा विधिका विधि के बारे में किसानों को जानकारी दी गई। इस अवसर पर कार्यकारी अभियंता हरिदेव कंबोज ने किसानों को बताया गया कि इस विधि के द्वारा 50 प्रतिशत तक पानी की बचत की जा सकती है तथा किसान इस सिंचाई से अन्य खर्च जैसे बिजली, पानी व मजदूरी की भी बचत कर सकते हैं। बागवानी की फसल के बारे में बताते हुए अधिकारियों ने बताया कि सभी किसानों को सूक्ष्म सिंचाई विधि अपनी फसलों में अपनानी चाहिए। फव्वारा विधि व टपका विधि से सिंचाई करने से हम 50 प्रतिशत पानी तक की बचत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि टपका/फव्वारा विधि पर सरकार द्वारा लागत के 85 प्रतिशत राशि अनुदान के तौर पर दी जाती है, इसके साथ खेतों में तालाब बनवाने एवं सोलर पंप पर भी सहायता प्रदान की जाती है। इस प्रक्रिया को पारदर्शी रखने के लिए ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किए जाते हैं तथा अनुदान राशि सीधे किसानों के खातों में दी जाती है। कार्यक्रम में मिकाडा के एसडीओ संजीव, कनिष्ठ अभियंता और बागवानी अधिकारी प्रियंका ने संबंधित विषय पर किसानों का ज्ञानवर्धन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शाहपुर गांव के किसान मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बदली शासन व्यवस्था, सरकार और जनता के बीच की दूरी को किया खत्म

**रेवाड़ी।** विगत 9 वर्षों में हरियाणा की राजनीति की दिशा व दशा में बदलाव का पर्याय बन चुके मुख्यमंत्री श्री मनोहर पिछले लगभग एक वर्ष से शासन व्यवस्था में नया बदलाव लेकर आए हैं। हर शनिवार को ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीएम की विशेष चर्चा कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री ने शासन की एक ऐसी लय तैयार की है जो पहले कभी नहीं देखी गई। हर सप्ताह प्रदेश में किसी न किसी एक वर्ग के साथ संवाद करने की मुख्यमंत्री की अनोखी पहल आज एक गेम-चेंजर बन गई है। अब तक लगातार 40 हफ्तों में 40 संवाद सत्रों के माध्यम से मुख्यमंत्री विभिन्न योजनाओं के लाखों लाभार्थियों से संवाद कर चुके हैं और उन्होंने सरकार व जनता के बीच की दूरी को लगभग समाप्त कर दिया है।

करीब एक घंटे तक चलने वाले इस संवाद कार्यक्रम में हर ब्लॉक, तहसील और जिले के हर कोने से लाभार्थियों को प्रदेश के मुख्यमंत्री के साथ सीधे बातचीत करने का सुनहरा अवसर प्रदान होता है। पहली बार जब इस कार्यक्रम की शुरुआत हुई थी, तो अधिकतर लोगों के लिए यह व्यवस्था अविश्वसनीय थी, क्योंकि उन्हें विश्वास ही नहीं हुआ कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सीधे उनसे फोन पर बात करेंगे और उनका हाल-चाल जानेंगे। आज यह कार्यक्रम सुलभ, पारदर्शी और उत्तरदायी शासन का प्रमाण बन गए हैं और ये संवाद आशा व परिवर्तन का प्रतीक बने हैं।

**लोगों के लिए बना बेमिसाल मंच**

सीएम की विशेष चर्चा कार्यक्रम में ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री अब तक कई योजनाओं के लाभार्थियों से सीधा संवाद कर चुके हैं। इनमें रोजगार मेलों, एमएसएमई विभाग के साथ पंजीकृत खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को चलाने वाले उद्यमियों, नव स्थापित प्लेवे स्कूलों के छात्रों के अभिभावकों, डॉ भीमराव अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना के लाभार्थियों, स्कूल प्रबंधन समितियों के सदस्यों सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा शामिल है।

यह कार्यक्रम केवल संवाद तक सीमित नहीं रह गया बल्कि लोगों के लिए बेमिसाल मंच बना गया है। इसकी सबसे खास बात यह है कि मुख्यमंत्री बड़े ही सहज तरीके से जनता से बात करते हैं और केवल विषय से संबंधित ही नहीं बल्कि वे नागरिकों से उनके रोजगार, पारिवारिक आय, स्वास्थ्य लाभ इत्यादि की जानकारी भी प्राप्त करते हैं। नागरिक भी बड़े ही संवेदनशीलता के साथ अपनी समस्या को मुख्यमंत्री को बताते हैं और मुख्यमंत्री तुरंत प्रभाव से तत्काल मदद पहुंचाते है।

**शासन की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करना**

ऑनलाइन संवाद का यह अनूठा कार्यक्रम न केवल प्रशासन और आम लोगों को करीब लाया है, बल्कि पारदर्शी शासन की मुख्यमंत्री की अटूट प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया है। संवाद के दौरान नागरिकों द्वारा बताई गई भ्रष्टाचार की शिकायतें, अधिकारियों द्वारा असभ्य तरीके से बातचीत करना या कई अन्य शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करते हुए मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों के निलंबन और स्पष्टीकरण जैसे कड़े कदम उठाए हैं। इन सब से नागरिकों में एक विश्वास पैदा हुआ है कि अब उन्हें किसी भी कार्य के लिए दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

**यादगार पल~ व्यक्तिगत जुड़ाव का एहसास**

सीएम की विशेष चर्चा कार्यक्रम ने लाभार्थियों को कई ऐसे यादगार पल प्रदान किए हैं, जिन्हें वे कभी नहीं भूल पाएंगे। कुछ ने तो मुख्यमंत्री को अपने घर पर भी आमंत्रित किया है। जब उनके पास फोन जाता है और मुख्यमंत्री बात करते हैं तो कई बार तो लोगों को एक पल के लिए विश्वास ही नहीं होता कि वे स्वयं मुख्यमंत्री से बात कर रहे हैं। यह संवाद कार्यक्रम कई निवासियों के लिए गेम-चेंजर रहा है।

# आलू की दो नई किस्मों को मिली मंजूरी

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित 41वीं अखिल भारतीय समन्वित आलू अनुसंधान परियोजना की तीन दिवसीय कार्यशाला के आज तीसरे व अंतिम दिन आलू की दो नई किस्मों को देश के विभिन्न क्षेत्रों में खेती के लिए जारी करने की अनुशंसा की गई। उपरोक्त परियोजना के अंतर्गत एम.एस.पी/16-307 और कुफरी सुख्याति शामिल है। यह दोनों अधिक पैदावार देने वाली किस्में हैं तथा इनकी भंडारण क्षमता भी अधिक है।

एम.एस.पी/16-307 किस्म की विशेषता है कि इसके आलू व गुद्दा बैंगनी रंग के हैं और यह 90 दिन में खुदाई हेतु तैयार हो जाती है, जबकि कुफरी सुख्यति किस्म मात्र



75 दिन में खुदाई के लिए तैयार हो जाती है। इन किस्मों को देश के उत्तरी, मध्य और पूर्वी मैदानी इलाकों के लिए जारी करने की सिफारिश की गई है। समापन सत्र की अध्यक्षता भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहायक महानिदेशक (फूल-सब्जी-मसाले और औषधीय पौधे) डॉ. सुधाकर पांडे ने की, जबकि हकृवि के अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा सह-अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। सहायक महानिदेशक डॉ. सुधाकर पांडे ने इस अवसर पर भारत में आलू प्रसंस्करण में भारतीय किस्मों की हिस्सेदारी बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आलू अनुसंधान में सटीक कृषि के लिए जैविक व अजैविक दबाव सहिष्णुता, पूर्वानुमान मॉडल और जलवायु परिवर्तन परिदृश्य में उत्पादन और उत्पादकता में सुधार लाना आवश्यक है। अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा ने बदलते परिदृश्य में फसल सुधार, फसल सुरक्षा और सत्यापन व रिलीज के लिए फसल उत्पादन के तहत विभिन्न प्रौद्योगिकियों के बहु-स्थान मूल्यांकन में उपरोक्त परियोजना को महत्वपूर्ण बताया। कार्यशाला के दौरान विभिन्न राज्यों के 25 अखिल भारतीय समन्वित आलू अनुसंधान परियोजना केंद्रों से आए वैज्ञानिकों ने आलू की पैदावार बढ़ाने, उन्नत किस्में, भंडारण, खाद्य सुरक्षा सहित नवाचारों से संबंधित विषयों पर मंथन किया।

जानकारी

# प्रेगनेंट महिलाओं के लिए बहुत फायदेमंद होती है चॉकलेट

प्रेगनेंसी के दौरान डॉक्टर महिलाओं को खाने-पीने की कई चीजों से दूर रहने की सलाह देते हैं।चॉकलेट भी ऐसी ही कुछ चीजों में शामिल होती है। इसमें मौजूद फैट, शुगर और कैफीन मां और बच्चे की सेहत को नुकसान पहुंचा सकते हैं। हालांकि, एक नए शोध की मानें तो गर्भावस्था के दौरान चॉकलेट खाने से कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को कम किया जा सकता है।

## ब्लड सर्कुलेशन ठीक रहता है

कोको से बनी चॉकलेट खाने का सबसे पहला फायदा यह होता है कि इससे शरीर में ब्लड सर्कुलेशन ठीक बना रहता है, जिसकी वजह से भ्रूण के पास मां का पर्याप्त खून पहुंच पाता है।

## आयरन और मैगनीशियम से भरपूर

इसमें बहुत सारा मैगनीशियम और आयरन मौजूद होता है, जिसकी वजह से महिला के शरीर में खून की कमी नहीं होती है। इसमें मौजूद मैग्नीशियम से फैटी एसिड कामेटाबॉलिज्म बढ़ता है।

## दिल की बीमारी से राहत

प्रेगनेंसी के समय चॉकलेट खाने से दिल मजबूत बनता है, जिसकी वजह से व्यक्ति को दिल से जुड़ी बीमारी नहीं होती।

## कोलेस्ट्रॉल की मात्रा घटती है

डार्क चॉकलेट में चीनी और वसा की मात्रा बेहद कम होने की वजह से यह शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा घटा कर रखती है।

## तनाव से छुटकारा दिलाए

यह ब्लड प्रेशर को मेंटेन करने के साथ तनाव के लेवल को भी कम करती है।





# हृदय और मस्तिष्क पर असर डालता है तनाव

इंसान के शरीर में तनाव झेलने की क्षमता होती है, लेकिन एक सीमित समय तक। ताजा अध्ययन में पता चला है कि तनाव जब लंबे समय तक बना रहता है तो यह कई तरह से घातक साबित होता है। इसका सबसे ज्यादा असर हृदय, मस्तिष्क और अहम अंगों पर पड़ता है। यूं तो दुनियाभर में तनाव के खतरों पर रिसर्च हो रही है, तनाव कम करने के लिए उपाय भी तलाशे जा रहे हैं, लेकिन यह भी सच है कि नई पीढ़ी पर इसका जोरदार हमला हो चुका है, इससे भारत भी अछूता नहीं है। जानिए तनाव के मुख्य कारण, इससे शरीर को होने वाले नुकसान और बचने के उपायों के बारे में–

तनाव के कारण अलग-अलग हो सकते हैं। काम का दबाव, आपसी रिश्तों की खटास या आर्थिक तंगी, कारण चाहे जो हों, लेकिन असर एक जैसे हैं। तनाव जितना ज्यादा रहेगा, हमारे शरीर को स्ट्रेस हार्मोन कोर्टिसोल से जूझना पड़ेगा। कुछ मामले में तनाव स्थायी हो जाता है और यह स्थिति बहुत बुरी होती है।

## शरीर को ऐसे पहुंचाता है नुकसान

शरीर में लंबे समय से तनाव बना हुआ है तो यह दिमाग पर असर डालता है। इंसान की मानसिक शक्ति कमजोर होती जाती है। उसका मूड बनता-बिगड़ता रहता है। थोड़ा तनाव अच्छा होता है। इससे प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, लेकिन तनाव लंबे समय से बना हुआ है तो प्रतिरोधक क्षमता घटा देता है। ऐसे इंसान पर बीमारियां हावी होने लगती हैं। लंबे समय से शरीर में तनाव है तो इसका असर एक किस्म की व्हाइट ब्लड सेल साइटोटोक्सिक टी लिम्फोसाइट्स की कार्यक्षमता पर पड़ता है, जो शरीर को कैंसर जैसी बीमारी से लड़ने की ताकत देती है।

## समझिए हार्ट पर कैसे करता है अटैक

जब कोई इंसान तनाव में होता है तो शरीर का नर्वस सिस्टम सिम्पेथेटिक अल्फा-एड्रीनर्जिक रिसेप्टर्स रिलीज करता है। इसके साथ ही गुर्दे से जुड़ी ग्रंथियां रक्त में कैटेकोलामाइन या तनाव हार्मोन जारी करती हैं। इन दोनों (रिसेप्टर्स और हार्मोन) के मिलने से हृदय की धड़कनें बढ़ती हैं। इस कारण हाथ, पैर और हार्ट की तरफ रक्त का प्रवाह बढ़ता है। नतीजन शरीर में ऑक्सीजन की जरूरत बढ़ती है और यह जरूरत पूरी नहीं होती है तो सीधा असर हार्ट पर पड़ता है और अटैक की आशंका रहती है।

## न भूख लगेगी, न खाया हुआ पचेगा

तनाव का शरीर पर एक और बड़ा हमला गैस्ट्रोइन्टेस्टनल सिस्टम यानी जठरांत्र प्रणाली या पाचन प्रणाली पर होता है। यह हमला दो मोर्चों पर होता है। पहला - तनाव में इंसान को भूख नहीं लगती और दूसरा - वो जो भी खाता है, वो पचता नहीं है। इसके कारण इरिटेबल बाउल सिन्ड्रॉम (IBS) जैसे डिस्ऑर्डर पैदा होते हैं। IBS से सबसे ज्यादा नुकसान बड़ी आंत को होता है। यानी तनाव हमारी आंतों पर भी नकारात्मक असर डालता है।

## तनाव से डरे नहीं, ऐसे करें सामना

विभिन्न रिसर्च में कहा गया है कि थोड़ा-बहुत तनाव जिंदगी का हिस्सा है। हमें यह समझना होगा कि तनाव से कैसे निपटा जाए। परिस्थितियों का सामना सही तरीके से करेंगे तो तनाव का बुरा असर नहीं होगा। कितना भी काम हो, कितना भी तनाव हो, रिलेक्स होने का समय निकालें। कोई समस्या है तो अपने रिश्तेदारों-दोस्तों से बात करें। समस्याओं का सही हल, तनाव से निजात दिला सकता है। तनाव को दूर रखना है तो खुद को सेहतमंद रखें। अच्छा खाएं, योगा-प्राणायम, व्यायाम करें। पैदल चले, स्वीमिंग करें, दौड़े- किसी भी तरह की ऐसी वर्जिश दिन में कम से कम 35 मिनट जरूर करें। ऐसा करने पर अच्छा महसूस होगा और शरीर में खुशी पैदा करने वाला एंडोर्फिन यानी हैप्पी हार्मोन दिनभर बना रहेगा।

तनाव से मुक्ति चाहते हैं तो दिन में कम से कम 7 से 8 घंटे जरूर सोएं। वैज्ञानिकों ने अब पता लगा लिया है कि अच्छी नींद का हेल्दी हार्ट और हेल्दी ब्रेन के साथ पक्का संबंध है। जब हम सोते हैं तब हमारा दिमाग सूचनाओं को खंगालता है। अगली बार यदि कोई आइडिया चाहिए तो संबंधित टॉपिक पर रिसर्च करने के बाद सो जाएं, उठेंगे तो शानदार आइडिया मिलेगा। हां, यह जरूर देखे लें कि आइडिया मिलने के बाद प्रजेंटेशन बनाने के लिए कितना समय मिलेगा, क्योंकि जो लोग जरूरी काम को अंतिम समय तक टालते हैं, वे ज्यादा तनाव में रहते हैं। अपने हर काम को अच्छी तरह प्लान करें। किसी भी योजना पर काम शुरू करने से पहले अच्छी और बुरी बातों का अध्ययन जरूर कर लें। इससे आप गैरजरूरी तनाव से बचे रहेंगे।

सुझाव

# चंद दिनों में मस्सों को जड़ से गायब कर देगा केला

बेदाग खूबसूरत त्वचा का सपना हर कोई देखता है, लेकिन चेहरे की ये खूबसूरती उस समय फीकी पड़ जाती है, जब चेहरे पर किसी जगह मस्सा उग आए। चेहरे पर ही नहीं मस्से शरीर के किसी भी हिस्से में हो सकते हैं।

हालांकि वैसे तो मस्से व्यक्ति को किसी भी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाते हैं, लेकिन यह आपके लुक को प्रभावित कर सकते हैं और आपकी सुंदरता को बिगाड़ सकते हैं। ऐसे में आइए जानते हैं आखिर कैसे इन बिन बुलाए मेहमानों से बड़ी आसानी से छुटकारा पाया जा सकता है।



## केले का छिलका

केला ही नहीं इसके छिलकों के भी बेशुमार फायदेमंद हैं। सेहत बनाने के साथ इसका छिलका आपकी खूबसूरती में भी चार चांद लगा सकता है। केले के छिलके में मस्से को सुखाने की क्षमता अदभुत होती है। इसके लिए आप रात को शरीर में मस्से वाली जगह पर केले के छिलके को रखकर उस पर एक कपड़ा बांध लें। ऐसा तब तक करें जब तक कि शरीर की उस जगह से मस्सा साफ न हो जाए।

## बेकिंग सोडा


शरीर से मस्सा हटाने के लिए एक चम्मच बेकिंग सोडा में कुछ बूंदें कैस्टर ऑइल डालकर इस पेस्ट को मस्से पर लगाकर हल्के हाथों से उस जगह की मसाज करें। ऐसे नियमित एक घंटे तक करें। चेहरे को एक घंटे बाद स्वच्छ पानी से धो लें। इस तरह से एक महीने में आपको मस्सों की परेशानी से निजात मिल जाएगी।

## लहसुन का पेस्ट

लहसुन में पाए जाने वाले एंटीफंगल और एंटीबैक्टीरियल गुण त्वचा से मस्से हटाने में मदद करता है। मस्से हटाने लहसुन की दो कलियां लेकर उनका पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को मस्से पर एक घंटे तक लगाकर रखें। थोड़ी देर बाद त्वचा को पानी से धो लें। दिन में दो बार इस उपाय को करें।

## डॉक्टर से सलाह अवश्य लें

मस्से हटाने के लिए किए गए इन उपायों को करते समय अगर आपको किसी तरह की कोई जलन या परेशानी महसूस हो तो तुरंत उस जगह को साफ कर लें और फिर अपने डॉक्टर से सलाह लें।



# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-2-5-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-3-5-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-4-7-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। शुभांक-3-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है अत:धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। काम में लगे रहें लाभ होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। शत्रु से सावधान रहें। शुभांक-1-3-5

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-3-4-5


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। पत्नी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शुभांक-2-4-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। समय आपके पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-2-4-6


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-1-3-5

## काकुरो पहेली - 2979




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

### काकुरो -2978 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

न्यायाधीश (एक बूढ़े चोर से)- तुम्हारी इतनी हिम्मत कि तुमने दिनदहाड़े चोरी की? तुम्हे पकड़े जाने जरा भी डर नहीं लगा।

कटघरे में खड़ा बूढ़ा चोर बोला- क्या करूँ सरकार! आजकल मुझे रात में बहुत नींद आती है, इसलिए मैंने दिन में दिनदहाड़े चोरी कर ली।

पुलिस इंस्पेक्टर (रमन से)- नालायक...! तुम इते गिरे हुए हो कि केवल पाँच सौ रुपए के लिए इस बुजुर्ग व्यक्ति का सिर फोड़ दिया?

रमन हवलदार- और क्या करता साहब... मजबूरी है! ऐसे ही तो बूँद-बूँद से घड़ा भरता है हुजूर।

न्यूक्लियर फैमिली में रहने वाला चंपू अपने पिता से बोलता है, पापा- पापा मैं भी अपनी शादी में आइटम गर्ल को डाँस करवाऊँगा।

पापा- बेवकूफ क्या बकता है, यह तमाशा किस गधे की शादी में देख लिया?

चंपू- आपकी शादी के वीडियो में।

पापा- अबे नालायक अपनी मौसी और बुआ को नहीं पहचानता!!

## फिल्म वर्ग पहेली- 2979




**बायें से दायें:-**

१. जॉय मुखर्जी, नंदा की 'मुझे इश्क है तुम्हीं से' गीत वाली फिल्म-३
३. 'मेरे टूटे हुए दिल से कोई तो' गीत वाली राजकपूर, नूतन की फिल्म-३
६. आमिर, फैजल, ट्विंकल की 'तुझे रब ने बनाया है' गीत वाली फिल्म-२
७. अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-२
८. 'तसवीर बनाता हूँ' गीतवाली फिल्म-४
९. 'जब लिया हाथ' गीत वाली राजेंद्र कुमार, गीता बाली की फिल्म-३
११. राजकुमार, प्रिया की 'ये पर्वतों के दायरे ये शाम' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'दिल में जिगर में' गीत वाली संजय, जैकी, शिल्पा, रवीना की फिल्म-२
१३. विकास भल्ला, सुमीत, की 'कोई दिल ना किसी' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'काहे कोयल शोर मचाये' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
१५. विश्वजीत, माला सिन्हा की फिल्म-३
१७. राजकुमार, मीना की 'चलते चलते यूंही कोई मिल' गीत वाली फिल्म-३
१९. जैकी श्रॉफ, रति की फिल्म-२
२१. ऋषिकपूर, अरबाज, जूही की 'ये प्यार यार क्या' गीत वाली फिल्म-३
२२. 'ना सतरा से ऊपर ना' गीत वाली नवीन निश्चल, रेखा की फिल्म-२
२३. 'दुपट्टे का पल्लू' गीतवाली फिल्म-४
२६. फिल्म 'दोस्ताना' में अमिताभ की नायिका ?-३
२७. अभिषेक, अंतरा माली की 'इश्क दा तड़का' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'मेरे दिल में रहो या जिगर' गीत वाली अष्मित, मीरा की फिल्म-३
२९. गुरूदत्त, वहीदा रहमान की 'जाने क्या तूने कही' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'देर है अंधेर नही' गीत वाली शत्रुघ्न, राजकपूर, योगिता की फिल्म-२,२
३१. फिल्म 'सलाखें' में नायक ?-२

**ऊपर से नीचे:-**

१.'मन क्यों बहका रे' गीत वाली शशि शेखर सुमन, रेखा, नीना की फिल्म-३
२. मिथुन, जुगल, सोनाली की 'तेरी चाहत में दिल' गीत वाली फिल्म-१,२
४. 'सीली हवा छू गई सीला' गीत वाली नसीर, शबाना आजमी की फिल्म-३
५. अमिताभ, अमजद खान, नीतू की 'छूकर मेरे मन' गीत वाली फिल्म-३
६. 'बोल बेबी बोल रॉक' गीत वाली अनिल कपूर, मीनाक्षी की फिल्म-२,२
१०. धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की 'राजा ना जा ना जा' गीत वाली फिल्म-३
११. 'मैं इश्क उसका' गीत वाली अर्जुन रामपाल, जायेद, अमीषा की फिल्म-२
१४. धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की 'मैं लैला का मजनूं' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'कोरा कागज था मन' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-४
१६. संजय कपूर, माधुरी की 'फूल मांगू ना बहार माँगूं' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'दिले बेताब को सीने से' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वहीदा की फिल्म-३
१८. अमिताभ, अक्षय, जॉन, रिमी की 'फलक देखूं' गीत वाली फिल्म-३,३
२०. फिल्म 'देवी' में नायिका कौन थी-३
२४. 'अंखियां मिलाके जिया' गीत वाली फिल्म-३
२५. नसीर, अष्मित, उर्मिला की फिल्म-४
२६. 'शहर शहर डगर डगर' गीत वाली जैकी, संजय, सोनम की फिल्म-२,१

### फिल्म वर्ग पहेली- 2978



## सूडोकु -2979

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -2978 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

## शब्द पहेली - 2979




**बाएँ से दाएँ**

1.यश प्राप्त करना-5
5.चतुर, जहीन-5
9.दया, तरस-3
10.कामदेव-3
11.लीन, तल्लीन-2
13.बोली, आवाज-2
14.राजदुर्वा-2
15.एक प्रकार का बिस्किट-2,3
18.मत, सलाह-2
19.जो लायक न हो-4
20.अधीनस्थ-4
21.कहानी, गाथा-2
22.श्रवणेंद्रिय-2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा-4
26.दान देने वाला-4
29.वरदान, दूल्हा-2
30.पत्नी का नाना-2,3
33.सूर्य, दिनकर-2
34.भीगा हुआ-2
35.सुर आलाप-2
36.फूलों का रस,अर्क-3
38.तरंग, हिलोर-3
41.जरुरतमंद-5
42.सेंधमार-5

**ऊपर से नीचे**

1.नामकरण-5
2.टैक्स,हाथ-2
3.महीना, मास-2
4.नामवर, प्रसिद्ध-4
5.संधि, सामंजस्य-4
6.सरुर, नशा-2
7.झंकार-2
8.रमण योग्य-5
12.तगारी, नांद-3
13.सुअर-3
15.अभिमान मर्दित होना -2,3
16.समाप्त-2
17.नेकनीयत-5
23.हनुमान-3,2
24.मुलायम-3
25.उम्मीद, आशा-2
27.बहादुरी-3
28.शिव, रविलोचन-2,3
31.नामचीन-4
32.सुसंचालन-4
36.चेहरे का तेज, दर्प-2
37.रिश्तेदार-2
39.अधिकार-2
40.ईश्वर, भगवान-2

### शब्द पहेली -2978 का हल





# सलमान खान ने जारी किया 'टाइगर 3' का नया पोस्टर

'टाइगर 3' टाइगर जिंदा है और एक था टाइगर का सीक्वल है. एक्टर सलमान खान, कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी की विशेषता वाली टाइगर सीरिज का तीसरा पार्ट फैंस को बेहद पसंद है. हाल ही में फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म का ट्रेलर जारी किया और इसे फैंस से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है. सलमान खान और कैटरीना कैफ ने ट्रेलर को लेकर फैंस के उत्साह का खुलासा किया, वहीं फिल्म निर्माताओं ने फिल्म का एक नया पोस्टर भी जारी किया है, जिसमें सलमान खान, कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी नजर आ रहे हैं. टाइगर 3 के ट्रेलर ने फैंस के बीच भारी उत्साह पैदा कर दिया है क्योंकि वे इसे बड़े पर्दे पर देखने के लिए उत्सुक हैं. जहां फिल्म के ट्रेलर को अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी, वहीं फिल्म के निर्माता अब फिल्म का एक नया पोस्टर लेकर आए हैं जिसमें सलमान खान और कैटरीना कैफ नजर आ रहे हैं. इमरान हाशमी भी पोस्टर में दिखाई देते हैं और पोस्टर में एक खलनायक के रूप में अपना लुक दिखाते हुए उत्सुक नजर आ रहे हैं. फिल्म के ट्रेलर का 16 अक्टूबर को अनावरण किया गया और दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया. ऐसा लगता है कि उनकी प्रतिक्रिया ने सलमान खान और कैटरीना कैफ को खुशी से भर दिया है, क्योंकि उन्होंने प्यार के उमडऩे पर प्रतिक्रिया साझा की है. कैटरीना कैफ का धांसू लुक देख फैंस हैरान हो गए हैं. कैटरीना कैफ ने भी फिल्म के ट्रेलर पर फैंस की दिल छू लेने वाली प्रतिक्रियाओं पर चर्चा की और कहा कि यह अभूतपूर्व है कि पूरी टीम पर कितना प्यार बरसाया जा रहा है. टाइगर सीरिज का तीसरा भाग होने के नाते, उन्होंने फिल्म से लोगों की अपेक्षाओं के बारे में बताया और कहा, टाइगर और जोया एक ही पहेली के दो टुकड़े हैं. 'टाइगर 3' 12 नवंबर को दिवाली के मौके पर हिंदी सहित तमिल और तेलुगु भाषा में सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।



# पृथ्वीराज सुकुमारन का फर्स्ट लुक हुआ आउट

फिल्म 'सालार' से एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन का फर्स्ट लुक आउट हुआ है। साउथ के सुपरस्टार 'प्रभास' की मच अवेटेड इस फिल्म का यह पोस्टर पृथ्वीराज के 41वें बर्थडे के मौके पर रिलीज हुआ है। पोस्टर में पृथ्वीराज का खतरनाक लुक देखने को मिल रहा है। फिल्म में वह वर्धाराज मन्नार का किरदार निभा रहे हैं। उनका यह लुक उनके नाम पर फिट बैठ रहा है। उन्होंने माथे पर एक लंबा टीका लगा हुआ है और नाक में एक बड़ी रिंग है। गले में स्कार्फ डाले हुए हैं। उनके पीछे भीड़ दिख रही है। उनके पीछे मंडराते बादल उनके कैरेक्टर और लुक को और भी इम्प्रेसिव बना रहे हैं। सालार' के मेकर्स ने पृथ्वीराज सुकुमारन का लुक जारी कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है।

होम्बाले फिल्म्स ने पृथ्वीराज का फर्स्ट लुक जारी करते हुए लिखा, 卐वर्धराजा मन्नार, राजा पृथ्वीराज को शाही जन्मदिन की शुभकामनाएं।卐 इसके रिप्लाई में पृथ्वीराज ने आभार जताया और लिखा,卐धन्यवाद! इसे दुनिया के देखने का इंतजार नहीं कर सकता।卐पृथ्वीराज सुकुमार ने खुद भी सालार से अपना फर्स्ट लुक जारी करते हुए लिखा, 'होम्बाले फिल्म्स, प्रशांत नील, प्रभास, प्रभास और साराल की पूरी टीम! इस एपिक कहानी को दुनिया के देखते हुए इंतजार नहीं कर सकता।'

'सालार' को 'केजीएफ' के डायरेक्टर प्रशांत नील डायरेक्ट किया है। यह फिल्म 22 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।'आदिपुरुष' के बाद, प्रभास के फैंस इस एक्शन थ्रिलर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले, निर्माताओं ने घोषणा की थी कि फिल्म 28 सितंबर को रिलीज होगी। हालांकि इसे स्थगित कर दिया गया क्योंकि मेकर्स ने फिल्म के पोस्ट-प्रोडक्शन पर काम करने का फैसला किया। प्रशांत नील की 'सालार' दो पार्ट में रिलीज होने वाली है। पहला पार्ट का नाम 'सालार- पार्ट 1 - सीजफायर' है, जिसमें प्रभास, पृथ्वीराज सुकुमारन और श्रुति हासन लीड रोल में हैं।

# माहिरा हुई डिप्रेशन का शिकार, दवाई बंद करते ही बिगड़ी तबीयत

एक्ट्रेस माहिरा खान इन दिनों डिप्रेशन का शिकार हो रही हैं। इसकी वजह दवाई बंद करना बताया जा रहा है। फिल्म रईस से फैंस के दिलों में राज करने वाली माहिरा खान इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। गौरतलब है कि एक्ट्रेस ने कुछ समय पहले ही अपने ब्वॉयफ्रैंड सलीम करीम के साथ शादी की है। अपनी शादी की हर तस्वीर एक्ट्रेस ने खुद सोशल मीडिया के जरिए फैंस के साथ शेयर की। शादी की तस्वीरों में वह काफी खुश भी नजर आ रही हैं। लेकिन बाद में वह डिप्रेशन का शिकार हो गई थी। इस बात का खुलासा उन्होंने खुद एक इंटरव्यू के दौरान किया था। साल 2016 में उरी अटैक के चलते भारत और पाकिस्तान में काफी भयानक जंग छिड़ गई थी। जिसके बाद पाकिस्तानी एक्टर्स को भारत में बैन कर दिया गया था। उस समय माहिरा ने शाहरुख के साथ अपनी डेब्यू फिल्म रईस की शूटिंग पूरी ही की थी।

इस बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा था कि मैंने फिल्म रईस पूरी कर ली थी और सब कुछ ठीक चल रहा था फिर अचानक उरी हमला हुआ।




फिर सबकुछ गड़बड़ हो गया। चीजें बहुत बिगड़ गई लेकिन मैं डरी नहीं थी पर मुझे धमकी दी गई थी लगातार ट्वीट मुझे कॉल आते थे और बहुत डरावने भी होते थे। माहिरा ने कहा कि मैं सिर्फ इतना ही चाहती थी कि मैं फिल्म का प्रचार करने भारत नहीं जा सकती लेकिन फिल्म पाकिस्तान में रिलीज हो जाए क्योंकि मेरे देश में लोग शाहरुख की फिल्म देखने जाते क्योंकि वह उन्हें पसंद करते हैं।

फिल्म रईस के बाद साल 2017 में एक्ट्रेस की रणबीर कपूर के साथ स्मोकिंग फोटो भी लिक हो गई थी इसके कारण वह बुरी तरह ट्रोल भी हुई। ट्रोल होने के चलते वह डिप्रेशन में चली गई। एक्ट्रेस ने कहा कि उस वजह से मुझे एंग्जायटी और डिप्रेशन हो गया। वह मेरे लिए एक कठिन समय था मुझे लगा कि मुझ पर हमला किया गया है। माहिरा ने बताया कि एक समय ऐसा था जब मैं बिल्कुल टूट गई थी और मुझे इतनी बुरी एंग्जाइटी हुई कि पैनिक अटैक आ गया और मैं बेहोश हो गई। इसके बाद वापिस दवाई लेने लगी तो अच्छा लगने लगा।

# शादी के बाद कियारा आडवाणी ने कराया अब तक का सबसे बोल्ड फोटोशूट

बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी अपने नए नए लुक से आए दिन फैंस के दिलों की धड़कने बढ़ाती रहती हैं.हाल में एक्ट्रेस ने अपने नए फोटोशूट से लोगों का दिल जीत लिया है. इस वायरल फोटोशूट में एक्ट्रेस का हॉट एंड बोल्ड लुक देखने को मिल रहा है. कियारा आडवाणी ने एक मैगजीन के कवर पेज के लिए लोटोस्ट फोटोशूट करावाया है, जिसकी वीडियो उन्होंने अपने इंस्टा पर भी शेयर किया है. इस वीडियो में एक्ट्रेस सिमरी ग्रीन कलर के आउटफिट में दिख रही हैं. कियारा ने अपना ये बोल्ड लुक ओपन फ्लिक हेयर के साथ पूरा किया है. वीडियो में एक्ट्रेस एक से बढ़कर एक पोज देती नजर आ रही हैं. वहीं दूसरे वीडियो में कियारा व्हाइट कलर के आउटफिट में दिख रही हैं. उन्होंने लॉग व्हाइट स्कर्ट और टिनी टॉप कैरी किया है. जिस पर हैवी वर्क है. कियारा ने अपना ये लुक भी ओपन हेयर के साथ पूरा किया है. एक्ट्रेस जमकर अपना टोन्ड फिगर फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं. हर कोई एक्ट्रेस के लुक की जमकर तारीफ कर रहा है.एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी फोटोज भी शेयर की हैं. एक फोटोज में वह ब्लू कलर के आउटफिट में नजर आ रही हैं. वहीं दूसरी फोटोज में उन्होंने लाइट ब्लू कलर की डीपनेक गाउन पहनी है. कियारा आडवाणी की इन फोटोज ने सोशल मीडिया का पारा हाई कर दिया है.



# दो पत्ती में पुलिस ऑफिसर का किरदार निभायेगी काजोल

बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल अपनी आने वाली फिल्म दो पत्ती में पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाती नजर आयेंगी। फिल्म दो पत्ती में काजोल उत्तर भारत की पृष्ठभूमि से जुड़ी एक निर्भीक और बेधड़क पुलिसकर्मी की भूमिका में होंगी। काजोल पहली बार पुलिसकर्मी की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म दो पत्ती में काजोल के साथ कृति सैनन भी अहम भूमिका में हैं। अभिनय के साथ-साथ कृति इस फिल्म से बतौर प्रोड्यूसर अपनी नई पारी शुरू कर रही हैं। 'दो पत्ती' ओटीटी प्लेटफॉर्म 'नेटफ्लिक्स' पर रिलीज होगी।



# टाइगर की फिल्म गणपत का काउंटडाउन शुरु

बालीवुड फिल्म गणपत: ए हीरो इज़ बॉर्न की रिलीज का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। यह फिल्म देशभर के सिनेमाघरों में एक साथ दस्तक देगी। हाल ही में गणपथ के पीछे की गतिशील टीम ने मुंबई के आइकोनिक गेयटी गैलेक्सी सिनेमा में एक ग्रैंड इवेंट का आयोजन किया, जिसे भारत के एक्शन सुपरस्टार टाइगर श्रॉफ ने अपनी मौजूदगी से और रोशन कर दिया।इस इवेंट की शुरुआत टाइगर श्रॉफ की ग्रैंड एंट्री के साथ हुई जिन्होंने पारंपरिक ढोल की धुन पर स्टेज पर एक शानदार डांस परफॉर्मेंस के साथ धूम मचाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। वहीं, क्राउड की जबरदस्त चियरिंग के बीच, मार्शल आर्ट के शौकीन बच्चों के सपने भी सच हो गए क्योंकि टाइगर ने उन्हें स्पेशल गणपत मर्चेंडाइज देखर उन्हें सरप्राइज किया, जिससे उनका दिन यादगार बन गया।

टाइगर श्रॉफ यहीं नहीं रुके, इस दौरान वह अपने फैन्स के बीच शामिल हो गए जो अपने फेवरेट सुपरस्टार की एक झलक पाने के लिए वहां आए थे। ऐसे में यह फैन्स के लिए टाइगर से मिलने, बातचीत करने, एक्साइटमेंट शेयर करने और यादगार पल बनाने का एक गोल्डन चांस था। वहीं एक स्पेशल ट्रीट के रूप में, टाइगर ने भी फिल्म के जल्द ही रिलीज़ होने वाले गाने सारा ज़माना की झलक दे फैन्स और दर्शकों को सरप्राइज कर दिया। इसके बाद तो मानों पूरा थिएटर ही सीटियों और तालियों से गूंज उठा क्योंकि फैन्स के लिए अपना एक्साइटमेंट कंट्रोल कर पाना मुश्किल हो गया।

ये मौका किसी शानदार तमाशे से कम नहीं था, जहां हर क्षेत्र के फैंस एक साथ आए, जल्द रिलीज होने वाले गणपत के रिलीज का जश्न मनाने के लिए। इस इवेंट का सबसे बड़ा अट्रैक्शन बेशक फिल्म का सबसे बड़ा कटआॅउट था जिसने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींचा, जो चीज इस सिनेमेटिक फिल्म के इर्द गिर्द के बड़े इंतजार का सबसे बड़ा सबूत है। गणपत की दीवानगी देश में सभी के सिर चढ़कर बोल रही है, पूजा एंटरटेनमेंट गुड कंपनी के सहयोग से गणपत- ए हीरो इज़ बॉर्न प्रस्तुत करता है, जिसका निर्देशन विकास बहल ने किया है।

फिल्म का निर्माण वाशु भगनानी, जैकी भगनानी, दीपशिखा देशमुख और विकास बहल ने किया हैं। यह फिल्म 20 अक्टूबर, 2023 को हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में दुनिया भर में रिलीज के लिए तैयार है।फैंस फिल्म के रिलीज का इंतजार कर रहे हैं, यानी की 20 अक्टूबर, 2023। एक्शन से भरपूर यह फिल्म सिनेमेटिक एक्सपीरियंस है, जो फैंस के उम्मीदों से कहीं ज्यादा है, यह कहा जा सकता है इंडियन सिनेमा में फिल्म एक नया दौर ला सकती है।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राजकुमार शर्मा ने वैकुंठ मीडिया प्राइवेट लिमिटेड सी -285, सेक्टर-11, विजय नगर, गाजियाबाद से छपवाकर कार्यालय 178 राहुल विहार विजय नगर,गाजियाबाद से प्रकाशित किया है। किसी खबर या लेख से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गाजियाबाद में होगा। प्रबंध संपादक-महेश कुमार - 9911733939, कानूनी सलाह- नरेंद्र सिंह रणोत एडवोकेट, सलाहकार कुशल सिंह, RNI No-UPHIN/2013/50466, Editor R.K. Sharma : 09456278011